पीपल के वृक्ष ही दिन–रात ऑक्सीजन देते हैं. शेष सभी रात्रि में कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ते हैं. इसलिए रात्रि में भी पीपल के वृक्ष के नीचे सोना लाभकारी है. एक गमले में पीपल का छोटा पौधा लगाकर यदि उसे अपने ड्राइंग रूम में रख लिया जाए. तो ऑक्सीजन के सिलैण्डर से भी अधिक शुद्ध वायु प्रदान करती है. परन्तु कितने दुख की बात है कि पाश्चात्य सभ्यता की अपसंस्कृति में डूबकर हमने अपने देश के देवता समान वृक्ष की ओर से मुख मोड़ लिया है. पीपल के औषधि प्रयोग में किसी अन्य द्रव्य की सहायता की जरूरत नहीं है. इसका प्रयोग निम्न प्रकार किया जा सकता है. **तोतलेपन में–** दो पके फल प्रतिदिन सही होने तक. **अपच में–** 20 ग्राम फल का चूर्ण सुबह शाम पानी से. **अजीर्ण–** पत्तों की राख (भस्म) जल के साथ आधा ग्राम सुबह–शाम. **मुंह के छाले–** पत्तों को पीसकर लेप करें. **चर्म विकार–** छाल को सुखाकर पीपल के पत्ते के स्वरस में मिलाकर लेप से पुराने से पुराने चर्म विकार में लाभ होता है. **कायाकल्प–** पीपल की छाल का चूर्ण 120 ग्राम, जड़ का चूर्ण 160 ग्राम, फल का चूर्ण 80 ग्राम, पत्तों का स्वरस घोटकर मिट्टी के बर्तन में जमीन में गाड़ दें. ग्रीष्म में 40 दिन, शीतलकाल में 20 दिन. बाद में निकाल कर खरल में घोटकर शीशी में टाइट कर सुरक्षित रखें. 1 ग्राम मात्रा जल से से 1 वर्ष तक सेवन से लगातार पान से शरीर कुन्दन के समान हो जाता है. **नोट–** पीपल के पंचांग के पान से लाभ:– मन की चंचलता शान्त होती है, ऐसा ब्रह्मचारी कृष्णदत्त जी के प्रवचनों में आया है.

## सलाद का जवाब नहीं

सलाद में कई प्रकार के विटामिन, लौह तत्व, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स और लवण होते हैं, जिनसे रोगों से लड़ने की ताकत मिलती है, पेट के विकार दूर होते हैं, आंखों की रोशनी बढ़ती है, स्मरण शक्ति बढ़ती है और पाचन क्रिया अच्छी होती है. सलाद बनाने से पहले ध्यान रखना जरूरी है कि सब्जियां साफ धुली हुई हों और अगर सलाद ज्यादा देर पहले का कटा रखा है, तो वह गुण करने के बजाय नुकसान भी पहुंचा सकता है. ● **खीरा:–** खीरा कब्ज दूर करता है, पीलिया, प्यास, ज्वर, शरीर की जलन, गर्मी के दोषों को दूर करता है और चर्मरोगों में लाभदायक है. ● **ककड़ी:–** ककड़ी में पोटेशियम तत्व बहुत मिलते हैं. यह उच्च और निम्न, दोनों रक्तचाप में लाभदायक है. ककड़ी छिलके सहित कच्ची खानी चाहिए ● **मूली:–** बिच्छू के काटने पर मूली के टुकड़े पर नमक लगाकर दंश स्थान पर रखने से पीड़ा कम होती है. मूली का सेवन करने से गैस की परेशानी में राहत मिलती है. ● **शलजम:–** मधुमेह रोगी को नियमित सेवन करना चाहिए. मसूड़ों और दांतों के रोगी कच्ची शलजम को चबा–चबाकर खाने से दांत ठीक रहते हैं. ● **गाजर:–** गाजर में विटामिन ए सबसे अधिक मात्रा में मिलता है और लोहा भी बहुतायत में पाया जाता है. इससे कील, मुहांसे, चर्मरोग, पेट के रोग आदि दूर हो जाते हैं. नेत्र व स्मरण शक्ति बढ़ती है. गाजर शक्तिवर्धक टॉनिक है. हीमोग्लोबिन की कमी को गाजर के सेवन से पूरा किया जा सकता है. ● **प्याज:–** प्याज भूख बढ़ाता है, नेत्रों की शक्ति तेज करता है. नकसीर, त्वचा रोग, लू, हैजे से बचाव और पेट की बीमारियों में कारगर औषधि का काम करता है.

## दुबलापन दूर करने के उपाय


अगर आप दुबले–पतले हैं और अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तथा मोटा होना चाहते हैं, तो कुछ सरल घरेलू नुस्खे आजमाइए. इससे काफी लाभ होगा. ● छुहारा रक्त का निर्माण करता है. दूध में छुहारे डालकर रोज रात को बिस्तर पर जाने से पहले इस दूध को पीयें. इससे चर्बी बढ़ेगी और मोटापा आयेगा. ● शक्कर में घी मिलाकर खाने से दुबलापन दूर होकर मोटापा बढ़ता है. ● अनार रक्त की वृद्धि करता है. इसका नियमित प्रयोग करने से रक्त संचार में वृद्धि होती है तथा मोटापा आता है. ● गाजर के रस का नियमित सेवन करने से दुबलापन दूर होता है. ● हल्के गर्म दूध में शहद मिलाकर पीने से चर्बी और मोटापा बढ़ता है. ● रोज दो केले चबा–चबाकर खाने से दुबलापन दूर होकर मोटापा आता है. ● पाँच–छः बादाम की गिरी रात को पानी में भिगोकर सवेरे उसका छिलका उतारकर सेवन कर दूध पीने से मोटापे में वृद्धि होती है. ● रोज शरीर पर तैल की मालिस करने से भी मोटापा बढ़ता है और शरीर गठीला होता है.







www.medicaldarpan.com






## अर्थराइटिस के मरीजों के लिए एल्कोहल जहर समान है इस तरह बढ़ जाती है समस्या

आजकल ज्यादातर लोग घुटने के दर्द से परेशान रहते हैं, इसकी वजह से उनकी रोजमर्रा की दिनचर्या भी प्रभावित होती है. अगर पहले से ही सजगता बरती जायें तो इस समस्या से बचाव संभव है. पहले ऐसा माना जाता था कि घुटने का दर्द बढ़ती उम्र की समस्या है, पर आजकल युवाओं में भी इसके लक्षण नजर आने लगे हैं. आधुनिक जीवनशैली की व्यस्तता और खानपान की गलत आदतों की वजह से आबादी का बड़ा हिस्सा इसकी गिरफ्त में आ रहा है. उम्र बढ़ने के साथ घुटनों के बीच मौजूद कार्टिलेज घिस कर सूखने लगता है. इससे घुटने मोड़ने और चलने-फिरने में तकलीफ होती है. 60 साल की उम्र के बाद ज्यादातर लोगों को ऐसी परेशानी का सामना करना पड़ता है और इसे प्राइमरी ऑस्टियो ऑथ्राइटिस कहा जाता है. **कैसे करें बचाव:-** लंच या डिनर से पहले तीन-चार ग्लास पानी पीयें फिर ढेर सारा सैलड खाने के बाद मेन कोर्स शुरू करें. पहले से ही आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और आप ओवरईटिंग से बचे रहेंगे. अपनी डाइट में फलों और सब्जियों को प्रमुखता से शामिल करें. ● एनिमल फैट और उससे बनी चीजें जैसे घी, मक्खन, चीज आदि से दूर रहने की कोशिश करें. इस फैट की वजह से घुटनों की झिल्ली में सूजन, जकड़न व दर्द पैदा हो सकता है. बेहतर यही होगा कि कुकिंग के लिए किसी वेजटेबल ऑयल का इस्तेमाल किया जाये. ● अपने भोजन में अंकुरित अनाज और फायबरयुक्त चीजों, जैसे- दलिया, सूजी और ओट्स आदि को प्रमुखता से शामिल करें. ● हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें. अपने भोजन में सोयाबीन को प्रमुखता से शामिल करें. इसमें प्राकृतिक एस्ट्रोजन होता है. इससे जोड़ों की सूजन भी कम होती है. ● आटे में गेहूँ के साथ सोयाबीन या चना मिलवायें इससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में फाइबर मिलता है, जो माँसपेशियों के लिए भी फायदेमंद होता है. ● ज्यादा घी-तेल का इस्तेमाल रोकने के लिए नॉनस्टिक बर्तन का इस्तेमाल करें. ● किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन न करें. ● मेवों का सेवन कम करें क्योंकि इनमें मौजूद अतिरिक्त कैलोरी वजन बढ़ा सकती है. ● चावल व आलू जैसी स्टार्चयुक्त चीजों का सेवन सीमित मात्रा में करें. तली-भुनी और मीठी चीजें न खायें **स्पेशल टिप्स:-** अर्थराइटिस के मरीजों को अनावश्यक रूप से खड़े होने व चलने से बचना चाहिए. घुटनों को जहाँ तक संभव हो 90 डिग्री के एंगल से ज्यादा न मोड़ें. पालथी मारकर या उकडूं बैठने से बचें. डेढ़ फुट से ऊँचे स्टूल पर बैठकर ही स्नान करें. खाना भी ऊँची कुर्सी पर बैठकर ही बनायें सीढियाँ चढ़ते-उतरते समय साइड रेलिंग का सहारा लें. घुटने पर नी कैप पहनना दर्द से राहत दिलाता है. कुछ मरीजों को नी ब्रेस पहनने की सलाह भी दी जाती है. आरामदेह फुटवेयर का चुनाव करें. रोजाना सात-आठ घंटे की नींद जरूर लें. इससे कार्टिलेज की मरम्मत में मदद मिलती है.




## प्रेरणादायी है डॉ० झिंगरन का जीवन

मानव सेवा को समर्पित स्व० डॉ० सुधीर गोपाल झिंगरन का जीवन प्रेरणादायी और चिकित्सा जगत के लिए अनुकरणीय है. जिन्होंने मरीज की जान बचाने के लिए जान तक न्यौछावर कर दी. विनम्र, हँसमुख और सेवा भाव के धनी डॉ० झिंगरन मरीजों के लिए भगवान से कम नहीं थे. वह मरीज को ठीक करने के लिए न केवल हर सम्भव प्रयास करते थे, बल्कि निर्धन मरीजों की आर्थिक मदद भी किया करते थे. उन जैसे चिकित्सकों की वजह से ही सामाज ने डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया है. 19 फरवरी 1929 को जन्मे डॉ० सुधीर गोपाल झिंगरन डी०एम०ओ० सर्जन के पद पर आज से लगभग पाँच दशक पहले ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर में आये. एक कुशल चिकित्सक और सर्जन डॉ० झिंगरन को पाकर रेलवे अस्पताल गौरवान्वित हुआ. हँसमुख स्वभाव और मधुर वाणी के धनी डॉ० झिंगरन के चेम्बर से निकलते हुये मरीज के चेहरे से पीड़ा गायब दिखती थी. उन्होंने रोगियों की जीवन रक्षा के लिए कई बार रक्तदान भी किया. शल्य चिकित्सा के प्रति अत्यन्त लगन से कार्य करते हुए डॉ० झिंगरन ने 1966 में रेलवे चिकित्सालय में एक मरीज की ओपेन हार्ट सर्जरी की. उस समय यह आपॅरेशन यहाँ करना एक साहसी एवं अत्यन्त कठिन काम था. इस ऑपरेशन के बाद मरीज को खून की आवश्यकता थी. कोई डोनर नहीं मिला तो उन्होंने अपना रक्तदान किया. ब्लड डोनेशन के समय एक दुर्घटनावश इनको Air Embolism हो गया. उसका इलाज यहाँ न होने के कारण 04 मार्च 1966 को इसी चिकित्सालय में उनका आकस्मिक निधन हो गया. आज वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन चिकित्सालय सामाज के लिए वह एक पथ प्रर्दशक और मरीजों के लिए भगवान के रूप में याद किये जाते हैं. डॉ०झिंगरन ने चिकित्सा कर्म को हमेशा धर्म माना. वह समय के पाबन्द थे. वह हमेशा समय से चिकित्सालय आते थे. मरीजों को उनसे परामर्श लेने के लिये बहुत प्रतिक्षा नहीं करनी पड़ती थी. वह निर्धन मरीज की आर्थिक मदद भी किया करते थे. भारतीय रेलवे ने उनकी याद में डॉ०झिंगरन मेमोरियल सभा कक्ष बनाया है. जिसमें चिकित्सा से सम्बन्धित विभिन्न गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं. डॉ० झिंगरन की याद में इण्डियन मैडीकल एसोसिएशन (आई०एम०ए०) प्रतिवर्ष झिंगरन मैमोरीयल व्याख्यान आयोजित करता है, जिसमें पूरे देश के विख्यात चिकित्सकों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाता है. धन्य हैं डॉ० झिंगरन जिन्होंने मानव सेवा को अपना जीवन समर्पित कर दिया. ऐसे समर्पित चिकित्सक को शत्-शत् नमन.

निर्भय गुप्ता, गोरखपुर फोन नं०:- 0551-233621, 2332095.

## क्या है इस्केमिक हार्ट डिजीज, इसके लक्षण और खतरे

इस्केमिक हार्ट डिजीज या इस्केमिक दिल की बीमारियाँ ऐसे रोग हैं जो रक्तप्रवाह में कमी के कारण होते हैं. अचानक हुई मौत में से ज्यादातर का कारण यही इस्केमिक हार्ट डिजीज होते हैं. इन्हें कोरोनरी धमनी रोग (CAD) या कोरा. नरी हृदय रोग (CHD) भी कहा जाता है. ये एक ऐसी स्थिति है, जिसमें हृदय को ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनियों में प्लाक बन जाता है. ये प्लाक वसा, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम और रक्त में मौजूद अन्य पदार्थों की वजह से बनता है. आइये आपको बताते हैं इस्केमिक हार्ट डिजीज के बारे में जरूरी बातें. **सबसे ज्यादा मौतों का कारण है इस्केमिक हार्ट डिजीज:-** कोरोनरी आर्टरी डिजीज या कार्डियो वस्क्युलर बीमारी के ज्यादातर मामला. का मुख्य कारण 'अथीरोमा' कही जाने वाली वसा धमनियों के अंदर जम जाती है, जिन्हें प्लाक भी कहा जाता है. प्लाक धमनियों को संकुचित करके आक्सीजन युक्त रक्त के प्रवाह का हृदय की मांसपेशी की ओर जाना कम करता है, जिसके कारण एंजाइना (सीने में दर्द) या एक दिल का दौरा पड़ सकता है. दुनिया भर में सीएडी एक बहुत ही आम हृदय रोग और मृत्यु का एक प्रमुख कारण है. **क्यों होता है इस्केमिक हार्ट डिजीज:-** जब प्लाक धमनियों में जमा होती रहती है, तो समय के साथ इसकी सतह बढ़ती जाती है और खून के बहाव में रूकावट होने लगती है. इसके कारण एंजाइना का दर्द होने लगता है. ऐसा अधिकतर तब होता है जब इस सतह पर खून का थक्का बन जाता है. ऐसा होने पर हृदय की मांसपेशी के एक हिस्से में अचानक खून की कमी हो जाती है और वह क्षतिग्रस्त हो जाता है. इस अवस्था को ही हार्ट अटैक कहते हैं. अगर ये क्षति सीमित हो तो हृदय अपनी पहली वाली अवस्था में लौट सकता है लेकिन यदि नुकसान अधिक हो तो मौत भी हो सकती है. **बच्चों में इस्केमिक हृदय रोगों के लक्षण:-** जन्मजात हृदय की समस्याओं वाले कई व्यक्तियों में बहुत ही कम या कोई लक्षण नहीं पाये जाते. लेकिन कुछ गंभीर मामलों में लक्षण दिखाई देते हैं, खासतौर पर नवजात शिशुओं में यह प्रत्यक्ष होते हैं. इन लक्षणों में सामान्यत: तेजी से साँस लेना, त्वचा, होंठ और उंगलियों के नाखूनों में नीलापन, थकान और खून का संचार कम होना शामिल हैं. दिल के दौरे के लक्षणों में व्यायाम के साथ थकान शामिल है. साँस रोकने में तकलीफ, रक्त जमना और फेफड़ों में द्रव जमा होना तथा पैरों, टखनों और टांगो में द्रव जमा होना. जब तक बच्चा गर्भाशय में रहता है या जन्म के तुरंत बाद तक गंभीर हृदय की खराबी के लक्षण साधारणत: पहचान में आ जाते हैं. लेकिन कुछ मामलों में यह तब तक पहचान में नहीं आते जब तक कि बच्चा बड़ा नहीं हो जाता. **वयस्कों में इस्केमिक हृदय रोगों के लक्षण:-** अचानक सीने में दर्द दिल का दौरा पड़ने का संकेत हो सकता है, लेकिन अन्य चेतावनी के संकेत भी काफी मामलों में प्रत्यक्ष होते हैं. आपको एक या फिर दोनो हाथों, कमर, गर्दन, जबड़े या फिर पेट में दर्द और बेचैनी महसूस हो सकती है. आपको साँस की तकलीफ, ठंडा पसीना आना, मतली या चक्कर जैसे लक्षण हो सकते हैं. आपको व्यायाम या अन्य शारीरिक श्रम के दौरान सीने में दर्द हो सकता है, जिसे एनजाइना कहते हैं. जो कि जीर्ण कोरोनरी धमनी की बीमारी (सी ए डी) के आम लक्षण हैं. लगातार साँस टूटने की अत्यधिक तीव्र तकलीफ दिल के दौरे की चेतावनी है. लेकिन हो सकता है यह अन्य हृदय की समस्याओं का संकेत हो.

## ब्रेन स्ट्रोक का कारण बनता है हाई ब्लड प्रेशर, ऐसे करें बचाव

आम तौर पर लोग अचानक होने वाले तेज सिरदर्द को हल्के में लेते हैं. वे सोचते हैं कि यह अपने-आप ठीक हो जाएगा. ज्यादातर लोग ऐसे अनुभवों से गुजर भी चुके होंगे, लेकिन कई बार सिरदर्द का कारण आपके उच्च रक्तचाप (हाई ब्लडप्रेशर) से भी हो सकता है. इस कारण स्ट्रोक या ब्रेन अटैक होने की आशंका बढ़ सकती है. हो सकता है कि कई वर्षों पहले आपका रक्तचाप अनियमित रहा हो और अब यह सिरदर्द के लक्षण के तौर पर सामने आया हो. यही नहीं, अगर कोई व्यक्ति उच्च रक्तचाप, डाइबिटीज या हाई कोलेस्ट्ररोल की समस्या से ग्रस्त है, तो उसे स्ट्रोक होने का खतरा कहीं ज्यादा बढ़ जाता है. **स्ट्रोक के प्रमुख लक्षण:-** सिरदर्द के अलावा एक तरफ के हाथ-पैर में कमजोरी महसूस करना. ● बोलने में या देखने में दिक्कत महसूस करना. ● चलने में संतुलन स्थापित न कर पाना. **खतरनाक स्थिति:-** उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक के बीच गहरा संबंध है. जिस व्यक्ति का रक्तचाप जितना अधिक होगा, उसमें स्ट्रोक होने की आशंका भी उतनी ही अधिक हो सकती है. उच्च रक्तचाप के कारण मरीज की रक्त नलिकाओं में सूजन आ सकती है, जिसे एन्युरिज्म कहा जाता है. इस वजह से ब्रेन हेमरेज का खतरा बढ़ जाता है. **स्ट्रोक का कारण:-** जब आपके मस्तिष्क तक पहुँचने वाले रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाती है या मस्तिष्क की कोई रक्त नलिका अवरुद्ध हो जाती है, तो स्ट्रोक की आशंकाएं बढ़ जाती हैं. रक्त के जरिये मस्तिष्क में आवश्यक पोषक तत्व और ऑक्सीजन की आपूर्ति होती है, जिससे हमारा मस्तिष्क सुचारु रूप से काम करता है, लेकिन उच्च रक्तचाप के कारण किसी जगह रक्त की आपूर्ति बाधित होने से वहाँ की कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त होने लगती हैं और यही स्थिति स्ट्रोक का भी कारण बनती है. स्ट्रोक के लिए उच्च रक्तचाप एकमात्र सबसे बड़ा रिस्क फैक्टर माना जाता है और ब्लॉकेज (इस्कीमिक स्ट्रोक) के कारण लगभग 50 प्रतिशत स्ट्रोक के मामले सामने आते हैं. इससे मस्तिष्क में रक्तस्राव का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसे हेमरेजिक स्ट्रोक (मस्तिष्क में रक्तस्राव) कहा जाता है. हालांकि उच्च रक्तचाप के कारण हार्ट अटैक और अन्य अंगों के क्षतिग्रस्त होने का भी खतरा बढ़ सकता है. उच्च रक्तचाप का असर मस्तिष्क सहित शरीर की सभी रक्त नलिकाओं पर पड़ता है. यही वजह है कि इस दौरान रक्त संचार को सुचारु रखने के लिए आपके दिल को ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ जाती है. रक्त कोशिकाओं की इस तनावपूर्ण स्थिति में कुछ कोशिकायें क्षतिग्रस्त होकर सख्त और संकीर्ण हो जाती हैं. ऐसी स्थिति को एथेरोस्क्लीरोसिस कहा जाता है. इससे ब्लॉकेज की आशंका बढ़ जाती है और फिर इससे स्ट्रोक या ट्रान्सिएंट इस्कीमिक अटैक संक्षेप में टीआईए (जिसे मिनी स्ट्रोक भी कहा जाता है) भी हो सकता है. **कैसे करें बचाव:-** अगर उच्च रक्तचाप (हाई ब्लडप्रेशर) से ग्रस्त व्यक्ति अपने ब्लडप्रेशर को दवाओं और जीवन-शैली में सकारात्मक परिवर्तन कर नियंत्रित रखते हैं, तो वे मस्तिष्क आघात (स्ट्रोक या ब्रेन अटैक) के खतरे से बच सकते हैं.

## क्षेत्रीय मीटिंग का सफल आयोजन

फुटकर दवा व्यापार मण्डल कानपुर की क्षेत्रीय इकाई पनकी, गंगागंज, रतनपुर ने दिनांक 25/01/2020 को एक सफल एवं महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन अपने क्षेत्र में किया जिसमे आदरणीय चेयरमैन श्री संजय मेहरोत्रा ने उपरोक्त क्षेत्र को वर्ष 2020 में पूरी तरह से एक्सपायरी मुक्त बनाने का निर्णय लिया जिसके प्रथम चरण में ग्लेनमार्क, सनफार्मा, इन्टास, टेलेंट, माइक्रो इन पांच कंपनियों की दवा को बदलने का काम संस्था द्वारा किया जायेगा. जिसके लिए क्षेत्रीय पदाधिकारी सभी दवा विक्रेताओं से सम्पर्क करेंगे. इसके साथ ही फूड लाइसेंस बनवाने की व्यवस्था भी संस्था द्वारा क्षेत्र में ही कैंप लगा कर की जाएगी. इसके लिए दवा विक्रेता को अपनी डिटेल के साथ आधार की कॉपी और अपने दो फोटो क्षेत्रीय इकाई में देने होंगे जो की 100/= प्रतिवर्ष की दर से एक, दो या पांच साल के लिए बनेगा. आदरणीय महामंत्री श्री प्रवीन बाजपेयी ने भी समस्त दवा विक्रेताओं से फार्मासिस्ट की समस्या पर मुखर हो कर बात की और संस्था द्वारा लगभग 16 वर्षो से इस समस्या पर किये जाने वाले लखनऊ से दिल्ली तक के आंदोलनों के बारे में विस्तार से बताया . इसके साथ ही दवा विक्रेताओ को कैसे अपना मेडिकल स्टोर व्यवस्थित रखना चाहिए इसके बारे में बताया. इस मीटिंग में दवा विक्रताओ द्वारा पूछी गयी हर समस्या पर चर्चा करते हुए उनका निस्तारण किया गया. इस सफल आयोजन पर श्री शेष नारायण तिवारी ने अपने विचार रखते हुए क्षेत्रीय इकाई द्वारा संगठित होकर किये जाने वाले कार्यों की प्रशंसा की. शीर्ष नेतृत्व ने क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार एवं क्षेत्रीय महामंत्री श्री सौरव सिंह के साथ ही संरक्षक श्री एन. सी. सेठी और उनकी पूरी कार्यकारिणी का इतने सफल आयोजन के लिए विशेष आभार प्रकट किया. उक्त मीटिंग में श्री पी. एस. राठौर (अध्यक्ष, बर्रा क्षेत्र), श्री माजिद रसूल (अध्यक्ष, मध्य क्षेत्र), श्री सुरेंद्र चौधरी (अध्यक्ष, रावतपुर क्षेत्र) श्री मिर्जा अख्तर बेग(रावतपुर), श्री अंकित सोनी(बाराद. वी), श्री शैलेन्द्र सिंह(गुजैनी ) ने अपने अपने क्षेत्रो से आकर क्षेत्रीय इकाई के कार्यों की सराहना की. इरफान अहमद खान प्रभारी, दि फुटकर दवा व्यापार मण्डल, कानपुर क्षेत्रीय मीटिंग का सफल आयोजन दि फुटकर दवा व्यापार मण्डल कानपुर की क्षेत्रीय इकाई पनकी, गंगागंज, रतनपुर ने दिनांक 25/01/2020 को एक सफल एवं महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन अपने क्षेत्र में किया जिसमे आदरणीय चेयरमैन श्री संजय मेहरोत्रा ने उपरोक्त क्षेत्र को वर्ष 2020 में पूरी तरह से एक्सपायरी मुक्त बनाने का निर्णय लिया. जिसके प्रथम चरण में ग्लेनमार्क, सनफार्मा, इन्टास, टेलेंट, माइक्रो इन पांच कंपनियों की दवा को बदलने का काम संस्था द्वारा किया जायेगा जिसके लिए क्षेत्रीय पदाधिकारी सभी दवा विक्रेताओं से सम्पर्क करेंगे.



## Tax Analysis Old V/S New Regime

| Income (before deductions) | Deductions | Taxable Income (old) | Net Tax Payable Old | Taxable Income New | Net Tax Payable New | Savings | Benefical Scheme |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3,50,000.00 | 1,50,000.00 | 2,00,000.00 | - | 3,50,000.00 | - | - | Old or New |
| 4,00,000.00 | 1,50,000.00 | 2,50,000.00 | - | 4,00,000.00 | - | - | Old or New |
| 4,50,000.00 | 1,50,000.00 | 3,00,000.00 | - | 4,50,000.00 | - | - | Old or New |
| 5,00,000.00 | 1,50,000.00 | 3,50,000.00 | - | 5,00,000.00 | - | - | Old or New |
| 5,50,000.00 | 1,50,000.00 | 4,00,000.00 | - | 5,50,000.00 | 18,200.00 | -18,200.00 | Old |
| 6,00,000.00 | 1,50,000.00 | 4,50,000.00 | - | 6,00,000.00 | 23,400.00 | -23,400.00 | Old |
| 6,50,000.00 | 1,50,000.00 | 5,00,000.00 | - | 6,50,000.00 | 28,600.00 | -28,600.00 | Old |
| 6,50,000.00 | 1,50,000.00 | 5,50,000.00 | 23,400.00 | 7,00,000.00 | 33,800.00 | -10,400.00 | Old |
| 7,50,000.00 | 1,50,000.00 | 6,00,000.00 | 33,800.00 | 7,50,000.00 | 39,000.00 | -5,200.00 | Old |
| 8,00,000.00 | 1,50,000.00 | 6,50,000.00 | 44,200.00 | 8,00,000.00 | 46,800.00 | -2,600.00 | Old |
| 8,50,000.00 | 1,50,000.00 | 7,00,000.00 | 54,600.00 | 8,50,000.00 | 54,600.00 | - | Old or New |
| 9,00,000.00 | 1,50,000.00 | 7,50,000.00 | 65,000.00 | 9,00,000.00 | 62,400.00 | 2,600.00 | New |
| 9,50,000.00 | 1,50,000.00 | 8,00,000.00 | 75,400.00 | 9,50,000.00 | 70,200.00 | 5,200.00 | New |
| 10,00,000.00 | 1,50,000.00 | 8,50,000.00 | 85,800.00 | 10,00,000.00 | 78,000.00 | 7,800.00 | New |
| 10,50,000.00 | 1,50,000.00 | 9,00,000.00 | 96,200.00 | 10,50,000.00 | 88,400.00 | 7,800.00 | New |
| 11,00,000.00 | 1,50,000.00 | 9,50,000.00 | 1,06,600.00 | 11,00,000.00 | 98,800.00 | 7,800.00 | New |
| 11,50,000.00 | 1,50,000.00 | 10,00,000.00 | 1,17,000.00 | 11,50,000.00 | 1,09,200.00 | 7,800.00 | New |
| 12,00,000.00 | 1,50,000.00 | 10,50,000.00 | 1,32,600.00 | 12,00,000.00 | 1,19,600.00 | 13,000.00 | New |
| 12,50,000.00 | 1,50,000.00 | 11,00,000.00 | 1,48,200.00 | 12,50,000.00 | 1,30,000.00 | 18,200.00 | New |
| 13,00,000.00 | 1,50,000.00 | 11,50,000.00 | 1,63,800.00 | 13,00,000.00 | 1,43,000.00 | 20,800.00 | New |
| 13,50,000.00 | 1,50,000.00 | 12,00,000.00 | 1,79,400.00 | 13,50,000.00 | 1,56,000.00 | 23,400.00 | New |
| 14,00,000.00 | 1,50,000.00 | 12,50,000.00 | 1,95,000.00 | 14,00,000.00 | 1,69,000.00 | 26,000.00 | New |
| 14,50,000.00 | 1,50,000.00 | 13,00,000.00 | 2,10,600.00 | 14,50,000.00 | 1,82,000.00 | 28,600.00 | New |
| 15,00,000.00 | 1,50,000.00 | 13,50,000.00 | 2,26,200.00 | 15,00,000.00 | 1,95,000.00 | 31,200.00 | New |
| 15,50,000.00 | 1,50,000.00 | 14,00,000.00 | 2,41,800.00 | 15,50,000.00 | 2,10,600.00 | 31,200.00 | New |
| 16,00,000.00 | 1,50,000.00 | 14,50,000.00 | 2,57,400.00 | 16,00,000.00 | 2,26,200.00 | 31,200.00 | New |

Manoj Mishra, Mob:- 9919247731

## निजी अस्पतालों की मनमानी के विरोध में हंगामा

**हनुमानगढ़ (राजस्थान)**– निजी अस्पताल के अंदर बने मेडिकल स्टोर से दवा न खरीदने पर डॉक्टर ने रोगी बच्ची को दाखिल करने से इनकार कर दिया. इससे मरीज के परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल के बाहर धरना–प्रदर्शन करने लगे. आखिर पुलिस और आईएमए से जुड़े डॉक्टर्स ने उन्हें समझा–बुझाकर मामला शांत कराया. जानकारी अनुसार गांव नवां के रहने वाले नूर नबी ने बताया कि वह अपनी बच्ची को इलाज के लिए गुप्ता अस्पताल लेकर पहुंचा तो डॉ. अशोक गुप्ता ने उसे पर्ची पर दवा लिख दी. रुपए कम होने पर वह अस्पताल के बाहर स्थित मेडिकोज पर काम करने वाले परिचित से उधार दवा लेकर वापस अस्पताल पहुंचा. डॉक्टर ने पूछा कि दवा कहां से लेकर आए हो. इस पर उसने बाहर से दवा लाने को कहा तो यह सुनते ही डॉक्टर आक्रोशित हो गए और कहा कि अस्पताल के भीतर मेडिकल स्टोर से ही दवा लाने को कहा था. डॉक्टर ने इसके बाद बच्ची को भर्ती करने से इनकार कर दिया. इस पर रोगी परिजनों ने अस्पताल के बाहर धरना देकर हंगामा शुरू कर दिया. सूचना पाकर सीआई धीरेंद्र सिंह, आईएमए संरक्षक डॉ. पारस जैन, पूर्व पार्षद कालूराम शर्मा आदि मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से समझाइश की. इस बीच डॉ. गुप्ता ने आरोप को निराधार बताया. इसके बाद डॉक्टर ने रोगी को भर्ती कर लिया जिसके बाद मामला एक बार शांत हो गया.

– पुनीत, मो॰ 8534868149

## मृत करदाता के लिए कैसे फाइल करें आयकर रिटर्न, जानें तरीका

कानून के अनुसार प्रत्येक उस व्यक्ति के लिए आयकर रिटर्न फाइल करना जरूरी है जिसकी आय संबंधित वित्तीय वर्ष में कर योग्य सीमा में आती हो. तो क्या जिस व्यक्ति की मृत्यु वित्त वर्ष के अंदर हो जाती है, उसकी ओर से भी आईटीआर भरने की जरूरत है? जवाब है, हां. इस स्थिति में कानूनी वारिस हो मृत करदाता के लिए रिटर्न फाइल करना चाहिए. मृत करदाता के लिए आइटीआर फाइल किए जाने के बाद आयकर विभाग स्थाई रूप से उस मृत करदाता का अकाउंट डिलीट कर देता है. मृतक का रिटर्न फाइल करने के लिए वित्तीय वर्ष के आरंभ से लेकर करदाता की मौत की तिथि तक की आय का आकलन किया जाता है. इस लेख में हम जानेंगे कि एक कानूनी वारिस या कानूनी प्रतिनिधि के द्वारा परिवार के मृत सदस्य का आई–टी रिटर्न कैसे फाइल किया जाना चाहिए? **मृतक के लिए कौन आयकर रिटर्न कर सकता है?** यदि करदाता ने कोई वसीयत लिखी है या कोई ऐसा सरकारी दस्तावेज है जिसमें एक कानूनी बारिश का उल्लेख हो तो मृत करदाता के लिए रिटर्न फाइल करने का काम आसान हो जाता है. इस तरह का कोई दस्तावेज नहीं है तो व्यक्ति को पहले अपने आप को उस मृत करदाता के एक कानूनी वारिस वारिस के रूप में रजिस्टर्ड कराना पड़ता है. **अदालत की मदद** यह काम किसी अदालत में किया जा सकता है. साथ ही, संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा जारी किए जाने वाले मृत प्रमाण पत्र के जरिए भी किया जा सकता है. एक कानूनी वारिश आमतौर पर उस मृत व्यक्ति के निकट परिवार का कोई सदस्य जैसे पति या पत्नी या बेटा या बेटी होती है. **आवश्यक दस्तावेज** अपने क्लेम को सही प्रमाणित करने के लिए आपके पास एक कानूनी वारिश बताने वाले दस्तावेज का होना जरूरी है, तभी आपको करदाता की तरफ से आईटी रिटर्न फाइल करने की इजाजत दी जाती है. एक मृत व्यक्ति के लिए रिटर्न फाइल करने के लिए आवश्यक अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों में शामिल है– बैंक स्टेटमेंट, निवेश के दस्तावेज और अन्य संबंधित दस्तावेज जिससे आयकर की गणना की जा सके. कानूनी वारिस के रूप में मृत व्यक्ति का रिटर्न फाइल करने के लिए सबसे पहले आपको आयकर विभाग के पास अपने आप को रजिस्टर्ड कराना होगा. इस प्रक्रिया के लिए निम्नलिखित दस्तावेज तैयार रखें. मृत व्यक्ति का पैन कार्ड, एक कानूनी वारिश के रूप में एक सेल्फ अटेस्टेड पैन कार्ड, कानूनी वारिस प्रमाण पत्र की कॉपी. **स्टेप 1:** विभागीय https://incometaxindiaefiling-gov-in ई फाइलिंग पोर्टल पर जाएं. **स्टेप 2.** अपने क्रैडेंशियल्स यानि परिचय पत्रों का उपयोग करके पोर्टल में लॉगिन करें और My Account सेक्शन में जाएं और ड्रॉन डाउन में से Reigster as legal heir का चयन करें. **स्टेप 3.** रिक्वेस्ट टाइप में जाए और न्यू रिक्वेस्ट का चयन करें. **स्टेप 4.** ऊपर बताई गई संबंधित दस्तावेजों को अटैच और अपलोड करें और सबमिट पर क्लिक करें. **स्टेप 5.** इसके बाद आपके अनुरोध को आयकर विभाग के पास अपने आप भेज दिया जाएगा. इसके बाद आपके क्रेडेंशल्स का मूल्यांकन और सत्यापन किया जाता है. **ऐसे करें रिटर्न फाइलः**– अधिकृत वारिस के लोगिन का क्रेडेंशल्स ई–फाइलिंग लागिन में जाए फिर न्यू रिक्वेस्ट पर क्लिक करें, वहां पर मृत व्यक्ति का नाम, जन्म तिथि व पैन नंबर दाखिल करें, फिर ITR after death को चुनकर तैयार रिटर्न को अपलोड कर दें. **स्टेप 2.** मृत व्यक्ति के लॉग इन क्रेडेंशल्स का उपयोग करके ई–फाइलिंग वेबसाइट https:incometaxin-diaefiling.gov.in में जाएं. **स्टेप 3.** e-file टैब पर क्लिक करें और इनकम टैक्स रिटर्न का चयन करें. संबंधित आइटीआर फॉर्म का चयन करें. अब तैयार किए गए टैक्स रिटर्न को वेरीफाई या सत्यापित करने के लिए preview and submit button पर क्लिक करें. **स्टेप 4.** आधार आधारित ओटीपी का उपयोग करके टैक्स रिटर्न को ई–वेरीफाई करें. और दिए गए अतिरिक्त टैक्स रिफंड के मामले में उस रिफंड को मृत व्यक्ति के बैंक खाता में भेजा जाएगा. कानूनी बारिश बैंकिंग प्रक्रिया के आधार पर उसे प्राप्त कर सकता है. इसके अलावा, मृत व्यक्ति की मौत के बाद कानूनी वारिस की टैक्स देनदारी, मृत व्यक्ति से विरासत में प्राप्त ऐसेट्स के अनुपात पर आधारित होती है.

– एडवोकेट संदीप बंसल, मो॰ 9410664214 फिरोजाबाद

ADKEM HEALTHCARE
Advanced chemicals For Life
Franchise For Skin Specialist Products
◆ Latest molecules in the supervision of Dermatoiogists
◆ Packaging of International Quality
◆ No compromise with Quality
Feel free to contact at
Mob:- 7017473055
E-mail: adkemhealthcare@gmail.com




## धूम्रपान छोड़ते ही सही होने लगते हैं फेफड़े

शोधकर्ताओं ने बताया है कि धूम्रपान छोड़ चुके लोगों के क्षतिग्रस्त फेफड़े अभी भी धूम्रपान करने वाले लोगों से 40% तक स्वस्थ हो जाते हैं, वह भी प्रकृतिक रूप से. शोधकर्ताओं ने हाल ही में एक शोध में बताया कि धूम्रपान की आदत छोड़ने वालों के फेफड़े अपने आप फिर से स्वस्थ हो जाते हैं. धूम्रपान करने से फेफड़ों का कैंसर हो सकता है. लेकिन धूम्रपान की आदत छोड़ने से शरीर क्षतिग्रस्त हुई कोशिकाओं से खुद निपट सकता है. दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित जनरल नेचर में प्रकाशित इस अध्ययन से शोधकर्ताओं ने बताया कि धूम्रपान छोड़ने से कैंसर का जोखिम कम हो जाता है. संयुक्त रूप से किए गए इस अध्ययन में शामिल शोधकर्ताओं के मुताबिक यह अध्ययन उन लोगों के लिए आशा की किरण लेकर आता है जो धूम्रपान छोड़ना चाहते हैं. कैपबेल कहते हैं कि जो लोग 30–40 या उससे ज्यादा सालों से स्मोकिंग करते रहे हैं. वे अक्सर सोचते हैं कि धूम्रपान की आदत छोड़ने में देर हो चुकी है. जो नुकसान होना था हो चुका है नुकसान को वापस लाना संभव नहीं है. वही बेल्ट के शोधकर्ताओं ने बताया सबसे खास बात यह है कि इस आदत को कभी भी छोड़ा जा सकता है. जिन लोगों को अध्ययन में अलग–अलग को शामिल किया गया था. उनमें से कई अपने जीवन में करीब 15000 सिगरेट के पैकेट खत्म किए थे. ऐसे लोगों ने जब धूम्रपान तो कुछ सालों के भीतर ही उनके वायु मार्ग को स्थिर करने वाली कोशिकाओं ने तंबाकू से हुए नुकसान का कोई सबूत नहीं दिखाया अध्ययन में 16 लोग शामिल हुए इनमें से कुछ ऐसे थे. जो जीवन भर धूम्रपान करते थे. इस आदत से तौबा कर ली, ऐसे वयस्क जिन्होंने कभी स्मोकिंग नहीं की और कुछ बच्चों को शामिल किया गया. इन लोगों के फेफेड़ों की बायोप्सी का लैब में विश्लेषण किया गया. शरीर की कोशिकाओं में होने वाले आनुवांशिक परिवर्तन उम्र बढ़ने का एक सामान्य हिस्सा है. इनमें से कई उत्परिवर्तन हानिकारक नहीं होते हैं. जिन्हें यात्री म्यूटेशन भी कहते हैं. गलत सेल में गलत जीन का परिवर्तन कोशिकाओं के व्यवहार को नाटकीय रूप से बदल सकता है. यह कैंसर की तरह व्यवहार करने लगते हैं. जिन में अगर किसी में कोई प्रयास चालक उत्परिवर्तन जमा हो जाते हैं तो कोशिका पूर्ण विकसित कैंसर बन सकती है. धूम्रपान करने वाला. में 10 के फेफड़े की कोशिकाओं में से 9 में ऐसा म्यूटेशन पाया गया, जो कैंसर का कारण बन सकता है, वहीं धूम्रपान छोड़ने वालों की क्षतिग्रस्त को. शिकाओं को स्वस्थ कोशिकाओं ने हटाकर बदल दिया. उनके फेफड़े बिल्कुल वैसे थे, जैसे कभी धूम्रपान नहीं करने वालों के थे. पहले धूम्रपान करने वालों के फेफेड़ों की चालासी प्रतिशत तक कोशिकायें स्वस्थ थीं. यानी धूम्रपान करने वालों की तुलना में चार गुना ज्यादा स्वस्थ. कैपबेल ने कहा कि क्षतिग्रस्त को. शिकायें जादुई रूप से खुद को दुरूस्त नहीं कर पायी हैं बल्कि स्वस्थ कोशिकाये उनकी जगह ले लेती है.

## दवा विक्रेताओं के उत्पीड़न पर याचिका दाखिल

सरकार द्वारा ड्रग एंड कॉस्मेटिक रूल्स 945 संशोधन कर ड्रग लाइसेंस के नवीनीकरण को समाप्त करते हुए एक अधिसूचना जारी की गई थी. जिसमें जहां–जहां नवीनीकरण शब्द आएं हैं अथवा नवीनीकरण की प्रक्रिया है. उसे रिमूव करते हुए उसकी जगह रिटेंशन शब्द जोड़ा गया अर्थात अब हर 5 साल बाद केवल फीस जमा कर चालान की मूल कॉपी को अपने पास रखना है. जिससे आपके लाइसेंस की अवधि बढ़ती रहे. नवीनीकरण के लिए जो फॉर्म 19 भरना पड़ता था. उसे भी भारत सरकार ने समाप्त कर दिया था. लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त के विरुद्ध नवीनीकरण की प्रक्रिया से भी जटिल प्रक्रिया को अपने पोर्टल डाल दिया गया. जिसके विरुद्ध रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के जिला **अध्यक्षः जयदीप कुमार गुप्ता, मो॰ 9359395672, 9319396677** ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में एक रिट याचिका डाली गई. जिसको माननीय उच्च न्यायालय गंभीरता से लेते हुए अपना अंतरिम आदेश पारित कर दिया जिसकी अगली सुनवाई फरवरी 2020 में होनी है. उक्त आदेश को लेकर उत्तर प्रदेश के दवा विक्रेताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी.

– नूर मौ. खान, मो॰ 9456269821

## टैक्स स्लैब में दवाओं पर कोई घोषणा न होने से मायूसी

दवा कारोबारियों की भी बजट से आशाएं पूरी नहीं हुई. कुछ ने इसे शानदार बजट कहा तो ज्यादातर का कहना है कि इसमें उनके लिए कुछ भी नहीं है. सरकार ने उन ऑनलाइन फार्मेसी पर कोई लगाम नहीं लगाई जो बिना लाइसेंस के भी अपनी दवाओं को बेच रहे हैं. मरीजों को क्या खिला रही हैं, इसका कुछ भी पता नहीं है. जीएसटी पर कोई फैसला न आने पर भी उन्होंने मायूसी जताई. सभी दवा कारोबारियों ने कहा कि बजट कुल मिलाकर तो अच्छा है लेकिन दवा कारोबारियों के लिए इसमें कुछ भी नहीं है. दवा के टैक्स स्लैब एक हो जाते तो दवा कारोबारियों के साथ मरीजों को भी बड़ी राहत मिलती. किशोर कुमार ने कहा कि दवाओं व उनके एमआरपी में अलग–अलग जगह भिन्नता रहती है. इस पर भी सरकार ने कुछ नहीं किया. टैक्स स्लैब को एक ही रखा. दुर्गेश खटवानी ने कहा कि टैक्स में छूट मिली है. इससे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी. जो दवा व्यापारी 15 लाख तक रिटर्न भर रहे हैं. उसे फायदा तो होगा लेकिन दबाव के टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है. यह निराशा जनक है. टैक्स में छूट से पैसा बाजार में सरकुलेट होगा इसका बड़ा फायदा मिलेगा. मो॰ 9897761301

## AIOCD उत्तर प्रदेश की कमान ऐसे व्यक्ति को सौपे जो ईमानदार और प्रभावशाली हो

AIOCD ने CDFUP के खिलाफ लीगल एक्शन ले लिया है अब तुरंत बगैर देरी के Aiocd को उत्तर प्रदेश की कमान ऐसे व्यक्ति को सौंपने पड़ेगी जो ईमानदार, प्रभावशाली, बेदाग, सहनशील हो, स्वतंत्र विचारों और निर्भीक, निडर हो जिसके पास स्वयं के जिले कानपुर का मजबूत आधार हो, अपनी टीम का पूरा विश्वास प्राप्त हो, उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण जिले आगरा, बरेली, इलाहाबाद, फर्रुखाबाद, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर, हाथरस, नोयडा, संभल, बिजनौर, शामली, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, अलीगढ़ और मथुरा आदि की मजबूत संस्थाएं पिछले कई वर्षों से उनके साथ कंधे से कंधा लगाकर एकजुट होकर खड़ी हैं. वह व्यक्ति हमारे राजेंद्र सैनी जी महासचिव यूपीसीडीए है. आशा है AIOCD के पदाधिकारी, कार्यकारिणी और कौर के सदस्य उत्तर प्रदेश की बागडोर राजेंद्र सैनी जी को सपने में कोई हिचकिचाहट नहीं करेंगे, हम विश्वास दिलाते हैं जनहित कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों का सहयोग एआईओसीडी और यूपीसीडीए को पूर्ण रूप से मिलेगा. पिछले वर्ष कानपुर में उत्तर प्रदेश के 68 जिलों के कैमिस्टो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शिंदे जी की अध्यक्षता में विशाल महासभा करके राजेंद्र सैनी जी के नेतृत्व में विश्वास दिखा कर एक उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं. उत्तर प्रदेश केमिस्ट एकता का परिचय दे चुके हैं, अब परिणाम की प्रतीक्षा है. कैमिस्ट एकता जिंदाबाद

– राजेश ओबरॉय (अध्यक्ष), सतीश सेठी (महासचिव), बरेली मंडल केमिस्ट वेलफेयर संस्था रजि., बरेली., मो॰ 6396782575.

## Marc Laboratories Ltd.

**Marc Laboratories Ltd. Mob:- 8795838374 ने अपने निम्न उत्पादनों पर 20 प्रतिशत की स्कीम Bonus दिया है.** Azomarc-250/500, Azomarc-Plus, Azomarc-Forte, Amoclave Tab./Inj., Lynomarc Tab./IV, Lynomarc-CX, Lynomarc-Plus, Cefrox Tab./Inj., Cefrox-CV, Cefrox-Plus Inj., Cefomarc-Plus, Cefomarc-O/CV, Cefomarc-OZ, Cefomarc-LB, Ceftocid Inj., Ceftocid-Plus Inj., Ceftocid-TZ Inj., Ceftocid-o DT, Ceftocid-CV Tab., Ceftocid-OF, Tzactum, Meromarc 125/250/1000, Meromarc-Plus, Meromarc-O Tab., Toracin, Biocin, Moxibact Tab./IV, Acebact Tab., Megaclin, Icnem 1gm, Safepime / TZ, Salzone, Salzone 1.5gm, Cefdin / TZ / Plus, Levotop Tab./IV, Levotop-OZ, Moflox Tab./IV, Moflox-OZ Tab/IV, OZ Tab., Marc Mannitol-IV, M-Clar, Vancomarc Inj., Dorimarc, Tg-Top, Ticotop, Marcazy, Enem, Calvit-LC, Calvit-LC Strong, Calvit-12 Syp., Calvit-12 Inj., Calvit-Max, Calvit-Max Strong, Calvit-K2, Calvit-K2 Strong, Calvit-Fem, Calvit-Plus, Calvit-A, Calvit-HD, Calvit-CM, Calvit-M, Calvit-500, Calvit-Gold, Calvit-CT, Calvit-Coral 500, Calvit-Coral Plus, Calvit-Coral Max, Ubimarc-LC/Strong, Ubimarc-300, Feron-XT Tab./Syp., Feron-s 100mg Inj., Feron-Forte Cap., Lycodox Tab./Syp., Lycodox-Gold, Lycodox-Plus, Ovamarc/Plus, Astrovit Syp., Astrovit-Gold Syp./Tab., Astrovit-Plus Tab., Astrovit-Advance, Imunotop Sachet, Imunotop Tab., Imunotop-Plus, Imunotop-Gold, C-Berry Tab., Cholical Sachet / Tab, P-Gaba / Plus, P-Gaba-NT, Gabanerve / 100, Gabanerve-NT, Protomarc Syp., Protomarc Powder, Mycobal-Forte Tab./Inj., Mycobal-Plus Tab./Inj., Mycobal-A, Mycobal-LC, Mycobal-OD, Mycobal-Coq100/300, Andox-Plus Tab., F-Max-DS, Everose, Everose-Plus, Flexibond Tab., Flexibond-Plus Sachet, Fleximarc Cap., Gintage-Forte Tab., Gintage-4g, Mysam, Traxage Tab./INj., Ac-Vir, Fam-Vir, Udcoliv Tab., Silyliv Tab./Syp, Isadiet (s.f.), Lactulac Soln, Rabefit-Dsr, Rabefit Tab./IV, Rabefit-IT, Rabefit-Plus, L-Pride Tab./Syp., Pantofit Tab./Iv, Pantofit-Dsr, Pantofit - L, Esofit, Esofit-Dsr, Esofit-Plus, Aciblock-Omps (Sugar Fee), Aciblock-Mps (Sugar Free), Sucramax, Sucramax-O, Isadiet-Plus, Lactulac-Lt 100/200ml, Gutnorm, M-Col, Nuhepa, Cypoliv Syp. (5ml) Sugar Free, Marcozyme Syp., Marcozyme-Forte, Vitalac-PB, Vomitron-MD Tab./Inj., Colicure-Plus, Colicure, Colicure-A, Melodic Spas/DS, Marcliv Syp., R-Gup, Eraworm-Forte, Glutaliv, Marcffin/Plus Syp., Granitop Tab./Syp., Ilafit, Ilafit-Dsr, Pantofit IT, Marcogyl Cap., Udcoliv-Plus, Silyliv-Plus Tab./Syp., Rabefit-Diclo, Lafu, Udcoliv Syp., Dobical Cap., Mytrip Tab., Mytrip-D Tab., Acemarc-TP, Mytrip-Forte, Mytrip-Plus, Tinaday, Naprobid-Dsr, X-Toin, Monocortil M4 M8 M 16, Monocortil D1 D6 D30, Ventair-LC, Fixd 120 180 Syrup., Fixd - M, P-Dox-A, P-Dox-A SR, P-Dox-Am, P-Dox-T, P-Dox-400 / SR, P-Dox-M SR, M-Zide, Marconex, Mucofast, Mucofast-Plus, Mucotop, Cetoz-L, Megakof Sugar Free, Megakof-LS Sugar Free, Megakof-T Sugar Free, Megakof-D Sugar Free, Megakof-B Sugar Free, Marckof, Dltmarc Tab., Dltmarc-M, Ebaday, Ebaday-M, Rupamarc, Rupamar-M, Olamarc, Paratop-D, Rofumax, Cetoz-D, Ventair-T, T-sunate, T-sunate-Kit, Falciper, Falciper-Plus, Marcogesic Oil Gel, Marcogesic Inj., Marcogesic-Mr, Marcogesic-SP, Etx-MR 4 8, Etx 60 90 120, Etx-Plus, Acemarc-T4 T8, Acemarc / SR, Acemare-Plus, Acemare-Sp, Acemarc-Mr, Acemarc-Rb, Bonedafe Cap., Bonesafe-Plus Tab./Syp., Bonesafe-Max Tab., Dianac-Plus, Dianac-Advance, ET-Dac ER, ET-Dac T4 T8, Paratop Syp., Paratop Tab., Paratop, Paratop-I.V., Paratop-T4, Paratop-Cold Tab./Syp., Tolmax, Tolmax-Plus, Tolmax SR, Tolmax-ET, Tolmax-D, Nufeb 40/80, Tdx, Tdx-Plus, Redfast-Plus, Seratodase-Forte, Seratodase-D, Seratodase-N, Decatop, M-Trex, Hc-Quin, O-Left, Indogo, Thionac, Tape, Sazomarc, F-Pirt Tab., Marcogesic-PR, Marcogesic-T4 T8, I-Band, Xylomarc, Eprytop, Marcovest Tab., Fleximarc Sach, Candigyl Tab., Itraday, Vary, Fulflow, Fulflow-D, Urge, Alfutop, Alfutop-D, Dutress, C-Berry Tab., D-Long, Goodnight Tab., T-Force, Xyz-Stone Syp., KC-Top-B6, Sillflow Cap., Marclog, G-Don Cap./Syp., G-Don-Plus Tab., G-Don-p Tab., Nuanxit, Nuanxit-M, Clonaxyl, Clonaxyl-Plus, Clonaxyl-P, Cognex Tab./Inj., Cognex-Plus Tab./Syp., Sertop, Dulotop, Alzonex, Alzonex-Plus, Alzonex-P, P-Gaba NT, P-Gaba Mnt., P-Gaba / Plus, Gabanerve - NT, Gabanerve/100, Esopram, Gaba-Plus, Mentol 20/40/60, Sleepwell, Dopin 25/50/75, Alzymer, Alzymer-Plus, Alzymer-Forte, Miraz, Alzymer-Forte, Miraz, Mycetam Tab./Syp., Nuzolam, Nuzolam-Plus/Forte, Divex, Fobigone-OX, Lycetam Tab./Inj., Vertizine, Vertizine-D, Vertizine-X, Dizimarc, Mayofen / XL, Olatab, Olatab-Plus/Forte, Topaday, Ariza, Am-Pride, Fluril, Fluril-Plus/Forte, Response, Clozamarc, A-Trip, F-Vox, Hello, Fulpose, Lamo, Ventop, Ventop-XL, Ventop-XL plus, N-Pari XL, N-Pari-Plus/Forte, Quiet, TX, Lacomarc, P-Gaba Plus SR, Neurofast, Calm, Zonamarc, Pytn, Piotab, Piotab M15/M30, Piotab GM1/GM2/Forte, Voglibay, Voglibay-M, Voglibay GM1/GM2/Forte, Glytab 1/2/3/4, Glytab M0.5/M1/M2/M3/M4, Glytab M1/M2/M3/M4 Forte, Formet-SR, Glynol-M, Glynol-MR 30/60, Atevas, Atevas-F, R-Safe, R-Safe-A/Forte, R Safe Gold, R-Safe-F, OB-Slim, Lipaday, Telemarc, Telemarc-M / Forte, Atemarc-AM, Atemarc, Amlomarc, Angel, Angel-H, Ramimarc, Ramimarc-H, Olmenorm-3D, Olmenorm, Olmenorm-H Olmenorm-H-AM, Olmenorm-AM, T-Sartan-3D, T-Sartan 40/80, T-Sartan-AM, T-Sartan-H, T-Sartan-CH, T-Sartan-H-AM, T-Sartan-M XL 25/50, Tormid Tab/Inj., Tormid-Plus, Cardipress,,Mayopress, Mayopress-XL, N-Press/AM, Clntop, Angel-AM, P-Press, P-Press-TR, Ramimarc-AM, Olmenorm-CH, Anticog, Anticog-Plus / Forte, Marc-Ctd., Myopress-XL H, Myopress-XL O, Ranopress, Rabemarc-20, Rabemare-DSR, Omemarc-DSR, Pantomarc / DSR, Amoclave Dry. Syp.Forte, Lynomarc Dry. Syp., Cefomarc-O Dry. Syp., Cefomarc-O, Ceftocid-O Tab. Dry.Syp., Ceftocid-Plus Inj., Ceftocid, Ceftocid-TZ, Cefdin, Cefdin-TZ, Biocin, Calvit-12 Syp. 100ml, Lactulac Soln, Silyliv Syp. (100ml), Cognex-Plus Syp., G-Don Syp., Amoclave Inj., Cefrox Inj., Meromarc 125/250/1000, Tzactum 1.25, Safepime Inj., Safepime-TZ Inj., Toracin, Cypoliv Syp., Mycetam Syp., Eraworm Syp., Paratop Syp., Paratop-Cold Syp., Cefrox Dry. Syp., Monocortil-D Syp., Fixd Syp., Megakof Sugar Free, Megakof-T Sugar Free, Megakof-D Sugar Free, Marckof, Astrovit Syp., Astrovit-Advance, Astrovit Drop., Granitop Syp., Melodic Drop., Calvit-D Drop., Zincomarc, Marcozyme Drop., Feron-XT Drop, Cefomarc CV, Azomarc-500, Azomarc-Kit, Amoclave Tab./Inj., Cefomarc-OZ, Feron-XT, Feron-S, Feron-Forte Cap., Lycodox-Gold, Calvit-Fem, Calvit-LC, Calvit-Coral 500, Calvit-Coral Plus, Calvit-Coral Max, PG-Dox, Everose, Everose-Plus, Retain, Fixo Inj., Imunotop Tab./Sach., Imunotop-Plus, Traxage-MF, Traxage-E, Traxage Tab./Inj., F-Max-DS, C-Berry Tab., Terminator-Kit, Ovamarc Tab., Ovamarc-Plus, Goodnight Tab., T-Force, D-Long, Vagiclean, Dilator Tab., PG-Sure-SR Tab., Endofree Tab., Fentop

## Gujarat Terce Laboratories Limited

**Gujarat Terce Laboratories Limited Ph.:- 079-48933701 ने अपने निम्न उत्पादनों पर 10+1 की स्कीम Bonus दिया है.** Ferlit-f, Omron Tab., Omron 5ml Inj., Pro DT inj, Promoz Plus, Ferlit M Tab., Omron Susp., Novoter Tab., Pridilan Tab., Vitfol Plus, Vitfol Mom Tab.


# 2020–21 के लिये आकाशीय सत्ता के संदर्भ में भारत का अनुमानित भविष्य



डॉ॰ सुरेन्द्र शर्मा

किसी देश की सत्ता तथा आकाशीय सत्ता के मध्य बहुत अधिक अन्तर पाया जाता है. यदि इस अन्तर को आकाश-पाताल का अन्तर भी कह दिया जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी. देश की सत्ता के अनुसार किसी भी कारण से राजा के सत्ता से पृथक हो जाने अथवा त्याग-पत्र दे देने पर उसके मन्त्री-मण्डल के सभी सदस्य स्वतः ही अपनी-अपनी सत्ता से पृथक होकर अप्रभावी हो जाते हैं जबकि आकाशीय सत्ता में ऐसा नहीं है. आकाशीय सत्ता में सभी का कार्यकाल एक वर्ष का होता है तथा राजा व मन्त्री के साथ-साथ मन्त्री-मण्डल के अन्य सभी सदस्य भी अपनी निश्चित अवधि तक अपने-अपने पद पर प्रभावी रूप से काम करते रहते हैं. मन्त्री-मण्डल के सभी सदस्यों के कार्यकाल का समय भी भिन्न-भिन्न तिथि से प्रारम्भ होता है. एक वर्ष की कालावधि के अनन्तर उसे पदच्युत नहीं किया जा सकता है चाहे राजा व मन्त्री कोई भी बन जाये. राजा तथा मन्त्री के बदल जाने पर मन्त्री-मण्डल के अन्य सदस्यों की कार्य प्रणाली पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा करता है क्योंकि सभी का पृथक-पृथक कार्यक्षेत्र, कार्यकाल तथा स्वतन्त्र कार्यशैली निर्धारित होती है जिसके द्वारा वे सभी ग्रह प्रजा तथा अन्य जीव-जन्तुओं को स्वच्छन्द रूप से प्रभावित किया करते हैं. वर्तमान संवत वर्ष 2077 का नाम 'आनन्द' है, जिसका शुभारम्भ दिनांक 25.03.2020 (बुद्धवार) से हो रहा है, हालाँकि नव-संवत्सर का प्रारम्भ तो ठीक एक दिन पहले दिनांक 24.03.2020 (मंगलवार) को दिन में 14:57 बजे कर्क लग्न से हो चुका है परन्तु सूर्योदय दिनांक 25.03.2020 (बुद्धवार) को प्रातः 06:23 पर मीन लग्न में हो रहा है. इस संवत्सर का राजा बुद्ध तथा मन्त्री चन्द्र है. अपने प्राकृतिक (नैसर्गिक) गुणों के कारण मन्त्री चन्द्र राजा बुद्ध को अपना मित्र मानता है जबकि राजा बुद्ध मन्त्री चन्द्र को अपना शत्रु स्वीकार करता है. अतः इस प्राकृतिक गुण के कारण से मन्त्री तो राजा के प्रत्येक विचार से सहमत हुये दिखाई देंगे किन्तु राजा का अपने मन्त्री से सहमत होने में संशय नजर आता है. मीन लग्न की जन्म-कुण्डली में राजा बुद्ध व्यय भाव में स्थित होना दर्शाता है कि राजा का व्यय-कोश बढ़ेगा तथा न चाहते हुये भी अनेकों हानिकारक मदों पर गुप्त व्यय होने की संभावना है. मन्त्री चन्द्र हालाँकि सुख भाव में स्थित है लेकिन वह भी अत्यन्त दुर्बल स्थिति में राहु के साथ ग्रहण योग बनाकर बैठा है जिसके कारण मन्त्री का अपना कोई विशेष स्वतन्त्र अस्तित्व परिलक्षित नहीं होता है. कहने का तात्पर्य यह है कि राजा तथा मन्त्री के बीच तना-तनी की पूर्ण सम्भावना बनी रह सकती है, इसके बावजूद भी मन्त्री राजा को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहेंगे. चूँकि अबकी बार राजा राजकुमार बुद्ध बना है अतः राजा इस संवत में साहसी, हिम्मती तथा पराक्रमी रहेगा साथ ही त्वरित निर्णय लेकर एक बली राजा के रूप में प्रकटित होता रहेगा एवं अपने मंत्रियों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त करता रहेगा. साथ ही मन्त्री-मण्डल के अन्य सदस्यों में धनेश (वित्त विभाग) स्वयं राजा बुद्ध के पास है, सस्येश तथा नीरशेष गुरु बने हैं, मेघेश, फलेश तथा दुर्गेश का पद सूर्य को प्राप्त है तथा धान्येश का पद मंगल तथा रसेश का पद शनि को प्राप्त है. यदि पदों की दृष्टि से विचार किया जाये तो सर्वाधिक तीन पद सूर्य को, दो-दो पद बुद्ध तथा गुरु को तथा एक-एक पद चन्द्र, मंगल तथा शनि को इस संवत्सर में प्राप्त हुये हैं शुक्र को कोई भी पद इस संवत्सर में प्राप्त नहीं हो पाया है, जिसके अनुसार सर्वाधिक तीन पद प्राप्त होने पर वर्तमान संवत्सर में सूर्य भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निरवहन करते हुये देश को प्रसिद्धि की दिशा में अग्रसर करता रहेगा साथ ही सूर्य के अपने अत्यधिक तेज के कारण कोई भी देश इसके समक्ष टिकने में अपने आपको असमर्थ ही महसूस करेगा. प्रजातन्त्र का सामान्य सिद्धान्त होता है कि जिसको भी अधिकाधिक पद प्राप्त हो जाते हैं, वह बली माना जाता है तथा सबसे अधिक चलती भी उसी की है. अतः संसार चक्र के साथ-साथ भारत वर्ष के सभी क्रिया-कलाप सूर्य के इशारे पर भी होते रहने की सम्भावना है. अपने नैसर्गिक गुणों के कारण राजा बुद्ध का चन्द्र को छोड़कर अन्य मंत्रियों से तालमेल बना रहेगा तथा साधारण जनता कष्ट से राहत महसूस कर सकती है. किसी भी देश के भविष्य का निर्धारण करने के लिये जन्म-कुण्डली के ग्रहों के साथ-साथ आकाशीय सत्ता के दशाधिकारियों का भी प्रबल प्रभाव देखा गया है. वर्षेश अर्थात राजा का प्रभाव कश्मीर तथा अफगानिस्तान में सर्वाधिक देखा गया है, मंत्री का पूर्वी प्रदेश व कलिंगादि में, सस्येश का ईशान व मध्य देश में, धान्येश का मध्य प्रदेश के नर्मदा तट में, मेघेश का मगध देश अर्थात बिहार में, रसेश का कोंकण व गोआ में, नीरसेश का उज्जैन, इंदौर मालवादि में, फलेश का पश्चिमी भाग कश्मीर आदि तथा धनेश व दुर्गेश का फल सर्वत्र समान रूप से घटित होता पाया गया है.

# किसी भी उम्र में हो सकती है आर्टरी ब्लॉकेज, जानें इसके 3 सामान्य लक्षण

आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी अनियमितताओं के कारण भारत में दिल के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. हृदय मनुष्य की छाती के बीच, थोड़ी सी बाईं ओर स्थित होता है. हृदय की माँसपेशियाँ जीवन्त होती हैं और उन्हें जिन्दा रहने के लिए आहार और ऑक्सीजन की जरूरत होती है. जब एक या ज्यादा आर्टरी रूक जाती है तो हृदय की कुछ माँसपेशियों को आहार और आक्सीजन नहीं मिल पाती. इस स्थिति को हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा कहा जाता है. इस सिलसिले में कुछ लोगों को भ्रम हो सकता है कि दिल से सम्बन्धित और भी समस्याएँ होती हैं. जैसे-हार्ट वॉल्व की समस्या, कंजीनाइटल हार्ट प्रॉब्लम आदि, और जब हम दिल की बीमारियों की बात करते हैं तो आमतौर पर इन्हें शामिल नहीं किया जाता लेकिन यह समस्याएँ भी हृदय रोग से सम्बन्धित होती हैं. आजकल अति व्यस्त जीवनशैली की वजह से लोगों की दिनचर्या अनियमित होती जा रही है. समय की कमी के कारण अधिकतर लोग जंक फूड पर ही निर्भर रहते हैं. रोजमर्रा के खाने में घी-तेल, मैदा, चीनी और मिर्च-मसालों का भरपूर इस्तेमाल होता है. युवा पीढ़ी में एल्कोहॉल और सिगरेट पीने वालों की तादाद तेजी से बढ़ रही है. जहाँ एल्कोहॉल के सेवन से हार्ट के पम्पिंग की गति अनियंत्रित होती हैं. इसके अलावा सिगरेट पीने के बाद दिल की धड़कन के साथ ब्लडप्रेशर भी बढ़ जाता है, जो दिल की बीमारियों का कारण बन जाता है. **क्या है समस्या:-** अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक अपने खानपान और दिनचर्या के मामले में लापरवाही बरते तो इससे उसके हृदय की रक्तवाहिका नलियों में नुकसानदेह कोलेस्ट्रॉल एलडीएल (लीपोप्रोटीन डिपॉजिट कोलेस्ट्रॉल) का जमाव हो जाता है. सामान्य अवस्था में हर धड़कन के साथ दिल खून की पम्पिंग करके शरीर के सभी हिस्सों में ऑक्सीजन से युक्त रक्त का प्रवाह सही ढ़ंग से करता है लेकिन ऑर्टरी में ब्लॉकेज होने की स्थिति में हार्ट की कार्यक्षमता कम हो जाती है और इससे रक्त प्रवाह में बाधा पैदा हो जाती है खासतौर पर जब मस्तिष्क तक ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह नहीं पहुँचता तो इससे हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है. **ऑर्टरी ब्लॉकेज के लक्षण:-** सीने के बाएँ हिस्से में हल्का या तेज दर्द होना, कभी-कभी यह दर्द कंधों, बाँहों या जबड़े तक पहुँच जाता है. कभी-कभी नॉजिया जैसे लक्षण भी नजर आते हैं. ब्लॉकेज की वजह से शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजन युक्त रक्त नहीं पहुँच पाता. इससे साँस लेने में तकलीफ, घुटने, बेचैनी, अनावश्यक थकान और कमजोरी महसूस होती है. जुबान लड़खड़ाना, आँखों के आगे अँधेरा छाना, तेज पसीना आना और हाथ-पैर ठंडे पड़ जाना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं. **आर्टरी ब्लॉकेज के उपचार:-** आमतौर पर आर्टरी में ब्लॉकेज के अंदेशा होने पर एंजियोग्राफी द्वारा ब्लॉकेज का पता लगाया जाता है. अगर ब्लॉकेज हल्का (20 से 45 प्रतिशत) हो तो दवाओं से दूर किया जा सकता है. लेकिन समस्या गंभीर (80 से 90 प्रतिशत ब्लॉकेज) होने पर एंजियोप्लास्टी विधि द्वारा इसका उपचार किया जाता है. बैटरी से संचालित छोटा सा यंत्र पेसमेकर भी आर्टरी ब्लॉकेज की समस्या में कारगर साबित होता है. इसे ऑपरेशन द्वारा हार्ट के पास फिट कर दिया जाता है. इससे निकलने वाली तरंगें दिल की धड़कन को नियमित बनाए रखने में सहायक होती हैं. ज्यादा गंभीर स्थिति में बायपास सर्जरी भी की जाती है. अगर ब्लॉकेज बहुत ज्यादा हो तो पैरों के जरिये एंजियोग्राम तकनीक का इस्तेमाल संभव नहीं हो पाता. ऐसी स्थिति में आर्टरी ग्राफ्ट और वेन ग्राफ्ट के तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है. इसमें एक-एक करके हर आर्टरी को खोलकर वहाँ से ब्लॉकेज हटाया जाता है. यहाँ दिए केस में भी इसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है. चूंकि, मरीज की आर्टरी की नलियाँ बेहद संकुचित थीं. उनका व्यास लगभग 1 एम एम था. अतः उसकी ग्राफ्टिंग के लिए बाल से भी ज्यादा बारीक धागे का इस्तेमाल किया गया था. **हार्ट ब्लॉकेज का घरेलू उपचार:-** प्रतिदिन सुबह में 3 से 4 किलोमीटर की सैर करें. सुबह लहसुन की एक कली लेने से कोलेस्ट्रॉल कम होता है. खाने में बैंगन का प्रयोग करने से कोलेस्ट्रॉल की मात्रा में कमी आती है. प्याज अथवा प्याज के रस का सेवन करने से हृदय गति नियंत्रित होती है. हृदय रोगी को हरी साग-सब्जी जैसे लौकी, पालक, बथुआ और मेथी जैसी कम कैलोरी वाली सब्जियों का प्रयोग करना चाहिए. घी, मक्खन, मलाईदार दूध और तली हुई चीजों के सेवन से परहेज करें. अदरक अथवा अदरक का रस भी खून का थक्का बनने से रोकने में सहायक होता है. शराब के सेवन और धूम्रपान से बचना चाहिए.

# गले में कैंसर का संकेत हैं शरीर में दिखने वाले ये 12 लक्षण

विश्व स्वास्थय संगठन के अनुसार हर वर्ष कैंसर के 1.4 करोड़ नए मामले सामने आ रहे हैं. भारत में लगभग 7 लाख मौतें कैंसर से हो रही हैं. 50 प्रतिशत मामलों में खराब जीवनशैली, तम्बाकू और ओबेसिटी के कारण कैंसर हो रहा है. पिछले कुछ वर्षों से थ्रोट या माउथ कैंसर के मामले भी बहुत बढ़ गए हैं. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में ऑन्कोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ॰ जी॰के॰ रथ के अनुसार मिजोरम में कैंसर पीड़ित लोगों की संख्या सर्वाधिक है. वहाँ प्रति लाख व्यक्तियों में 273 लोग कैंसर से ग्रस्त हैं. भारत में ब्रेस्ट या सर्वाइकल कैंसर से भी ज्यादा मौतें मुँह या गले के कैंसर के कारण होती हैं. महानगरों, छोटे शहरों, गाँवों तक थ्रोट या माउथ कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. हाल के वर्षों में 20–25 वर्षों की आयु वालों को भी यह बीमारी अपनी चपेट में ले रही है. इसका सबसे बड़ा कारण है तम्बाकू सेवन और धूम्रपान की लत. **क्या है थ्रोट कैंसर:-** कैंसर में असामान्य कोशिकायें शरीर में दुगनी गति से फैलने लगती हैं और इन पर नियंत्रण मुश्किल हो जाता है. थ्रोट कैंसर वॉयस बॉक्स, वोकल कॉर्ड और मुँह के अन्य हिस्सों जैसे टॉन्सिल्स में भी हो सकता है. जानकारी और जागरूकता किसी समस्या से बचने की जरूरी शर्त है. शरीर के प्रति सजग रहने से कई समस्याएँ हल हो सकती हैं. **क्या हैं लक्षण:-** गले के कैंसर के लक्षण आसानी से पकड़ में नहीं आते. यदि इनमें से एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरन्त डॉक्टर को दिखाएँ:- आवाज बदल रही हो या भारी हो रही हो. • मसूड़ों में सूजन या दाँतों में दर्द. • गले में गाँठें महसूस हों. • मुँह में लगातार दर्द रहे, खून निकले. • गले में जकड़न, साँस लेने में तकलीफ. • खाना खाने में परेशानी. • लगातार थकान, नींद कम आना. • मुँह के अंदर लाल, सफेद या गहरे रंग के पैचेज बनना. • खाना चबाने या जीभ को हिलाने में दर्द का अनुभव. • साँस से दुर्गंध महसूस होना या कान में अकारण दर्द. • कफ आना और इसमें कई बार रक्त के धब्बे दिखना. • लगातार वजन कम होना. **क्या है कारण:-** धूम्रपान या तम्बाकू का सेवन करने वाले लोगों को थ्रोट कैंसर ज्यादा होता है. इसमें वे लोग भी आते हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से धूम्रपान करने वालों के संपर्क में आते हैं. स्त्रियों में भी इसके लक्षण दिखाई देते हैं. तम्बाकू के सेवन से श्वास नली की कार्य प्रणाली पर विपरीत प्रभाव पड़ता है. इससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है. यदि कोई व्यक्ति एल्कोहॉल के साथ धूम्रपान भी करता है तो उसे मुँह का कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है एल्कोहॉल और निकोटिन का एक साथ सेवन नुकसानदेह है. इसके अलावा सड़क पर उड़ने वाली धूल, वुड डस्ट या केमिकल डस्ट के कारण भी थ्रोट कैंसर हो सकता है. सल्फर डाइऑक्साइड, क्रोमियम और आर्सेनिक भी कैंसर का खतरा बढ़ाते हैं. पिछले कुछ वर्षों से धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी मुँह या गले के कैंसर के लक्षण दिखाई देने लगे हैं. तम्बाकू के अलावा थ्रोट कैंसर के कुछ और भी कारण हैं. दाँतों की उचित देखभाल न करने या दाँतों में होने वाली समस्या को टालने से भी भविष्य में यह समस्या हो सकती है. विटामिन ए की कमी भी इसका एक कारण है. इसके अलावा कैंसर आनुवांशिक भी हो सकता है.

# दिल की खतरनाक बीमारी है कन्जेस्टिव हार्ट फेल्योर इसके लक्षण, कारण और उपचार

जब हमारे हृदय को अपनी जरूरत के हिसाब से रक्त नहीं मिलता, तो उस स्थिति को कंजेस्टिव हार्ट फैल्योर या सीएचएफ कहते हैं. इस अवस्था में दिल के आस-पास की नसों के जरिए खून का संचार सही प्रकार से नहीं हो पाता. कंजेस्टिव हार्ट फैल्योर का सबसे ज्यादा असर फेफड़ों, पैर और पेट पर पड़ता है. सीएचएफ को क्रोनिक हार्ट फैल्योर के नाम से भी जाना जाता है. दिल इस स्थिति के लिए सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप, कोरोनरी हृदय रोग, कार्डियोमायोपैथी और दिल की अन्य बीमारियाँ जिम्मेदार हैं. लेकिन अगर दिल का दौरा पहले भी पड़ चुका है तो उसका असर बाद में पड़ता है और कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर की स्थिति होती है. **कांजेस्टिव हार्ट फेल्योर के कारण:-** मोटापे के कारण • संतृप्त वसा और उच्च कोलेस्ट्रॉल युक्त आहार का सेवन करना • उच्च रक्तचाप का होना • मधुमेह के कारण • धूम्रपान करने से • शारीरिक निष्क्रियता के कारण. **कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर के लक्षण:-** शारीरिक गतिविधि के दौरान साँस लेने में दिक्कत होना • सामान्य स्थिति में भी साँस लेने में दिक्कत होना • हमेशा थकान का एहसास होना • माँसपेशियों में दर्द होना • टखने और पैर में सूजन होना • पेट में सूजन होना • गले में घरघराहट होना और लगातार खाँसी आना. **कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर का उपचार दवाओं से:-** दवाओं के जरिए दिल की इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है. रक्त संचार को नियमित करने के लिए आप अपने चिकित्सक से सलाह लेकर दवाओं का सेवन कर सकते हैं. दवाओं के सेवन से दिल ठीक से काम करेगा और यह बीमारी नियंत्रित हो सकेगी. **हाई ब्लड प्रेशर का इलाज:-** यदि आपका ब्लड प्रेशर ज्यादा है तो कंजेस्टिव हार्ट फेलर की स्थिति हो सकती है. इसलिए ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रख कर इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है. **लाइफस्टाइल में बदलाव:-** दिल की बीमारी के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार लाइफस्टल और खान-पान है. यदि कंजेस्टिव हार्ट फेल की स्थिति है, तो नियमित रूप से व्यायाम कीजिए, स्मोकिंग बिलकुल न करें, नियमित रूप से डाइट चार्ट का पालन कीजिए, खाने में कम वसा वाले आहार शामिल कीजिए, नमक कम मात्रा में लीजिए. **सर्जरी के जरिए:-** सर्जरी के जरिए दिल के आस-पास की संकुचित वाल्व को बदल दिया जाता है. कोरोनरी बाइपास सर्जरी और हृदय ट्रांसप्लांट के जरिए भी इसका उपचार संभव है. कंजेस्टिव हॉर्ट फेलर उम्रदराज लोगों में आम है. इस बीमारी के होने के बाद उसकी स्थिति के आधार पर ही आदमी जीवित रहता है, यदि यह ज्यादा जटिल हो गया तो आदमी के जीवित रहने की उम्मीद कम होती है. सर्जरी, दवाईयों और जीवनशैली में बदलाव करके इसकी जटिलता को कम किया जा सकता है.

## माताओं के लिए सलाह

माताओं के लिए महत्वपूर्ण सलाह माँ का दूध आपके शिशु को सर्वोत्तम पोषण व बीमारियों से संरक्षण प्रदान करता है. अधिकतर शिशुओं के लिए पहले 6 महीने तक माँ का दूध ही काफी होता है. बहुत-सी माताएं 6 महीने के बाद भी स्तनपान कराती हैं और अन्य आहार देना भी शुरू कर देती हैं. स्तनपान के बारे में सलाह के लिए अपने डॉक्टर या किसी अन्य स्वास्थ्यकर्मी अथवा सफलतापूर्वक स्तनपान करा रही किसी सहेली या सम्बन्धी से बात करें. शिशु को बार-बार स्तनपान कराने से सही मात्रा में दूध उतरता है. गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के बाद संतुलित-पौष्टिक खुराक भी दूध की मात्रा पूरी रखने में मदद करती है. याद रखें : माँ का दूध आपके शिशु के लिए सर्वोत्तम व सर्वाधिक किफायती आहार है. सलाह लें ऐसे आहार का उपयोग खतरनाक हो सकता है जो छोटे बच्चों के लिए नहीं है. शिशु को बेवजह आंशिक रूप से बोतल से दूध पिलाने या अन्य आहार व पेय पदार्थ आहार शुरू करने से पहले हमेशा स्वास्थ्यकर्मी की सलाह लें. माँ के दूध के विकल्प का उपयोग अगर कोई डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्यकर्मी शिशु के पहले 6 महीने के दौरान माँ के दूध के साथ-साथ या उसके स्थान पर शिशु दुग्ध विकल्प आहार देने की सिफारिश करता है तो शिशु फॉर्मूला आहार के इस्तेमाल का फैसला करने से पहले उसकी लागत और परिवार की स्थिति पर विचार कर लें. अगर आपके शिशु को सिर्फ बोतल से आहार देना है तो आपको हर सप्ताह एक डिब्बा (475 ग्राम) से अधिक आहार की आवश्यकता होगी बिना उबला पानी, बिना उबाली बोतल या गलत मात्रा में घोल बनाकर इस्तेमाल करने से आपका शिशु बीमार पड़ सकता है. गलत शिशु दुग्ध विकल्प और बोतल का इस्तेमाल बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं. हमेशा निर्देशों का सही-सही पालन करें. कुछ समय तक शिशु दुग्ध विकल्प खिलाने के बाद स्तनपान करवाने में आने वाली कठिनाइयों की जानकारी आपको होनी चाहिए. **माँ के दूध की विशेषतायें** - प्रसव के तुरन्त बाद माँ का पहला दूध पीला और गाढ़ा होता है. इस दूध को कोलॉस्ट्रम कहते हैं जो कि प्रसव के बाद पहले हफ्ते में निकलता है. कोलॉस्ट्रम बाद के दूध से अधिक पौष्टिक होता है क्योंकि इसमें प्रोटीन ज्यादा होता है. और संक्रमण से बचाव के गुण भी अधिक होते हैं, जो जन्म के तुरन्त बाद की खतरनाक बीमारियों से शिशु को बचाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं. इसमें विटामिन 'ए' का स्तर भी ऊँचा होता है. ● आप अपने शिशु को यह कोलॉस्ट्रम अवश्य पिलाएं. क्योंकि इसमें बहुत से पोषक तत्व होते हैं. ● इसके बजाय चीनी का पानी, शहद का पानी, मक्खन या कोई और मिश्रण न दें. ● माँ का दूध सम्पूर्ण सन्तुलित आहार है और जन्म के पहले कुछ महीना. में शिशु के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व प्रदान करता है. इसके संक्रमण-रोधक गुण प्रारम्भिक महीनों में शिशु को बीमारियों से बचाते हैं. यह हमेशा उपलब्ध होता है और इसे तैयार करने के लिए न कोई ईधन चाहिए, न बर्तन, न पानी (जिसमें कीटाणु हो सकते हैं) **स्तनपान के फायदे** - शिशु को माँ का दूध पिलाना शिशु दुग्ध विकल्पों से कहीं सस्ता पड़ता है क्योंकि शिशु दुग्ध विकल्पों की लागत की तुलना में माँ को अतिरिक्त आहार देने की लागत न के बराबर होती है. ● वे माताएं जो शिशु जन्म पश्चात् शिशु को सामान्य रूप से स्तनपान कराती रहती हैं, उनमें लम्बे समय तक दोबारा गर्भधारण से बचे रहने की सम्भावना, स्तनपान न कराने वाली माताओं की तुलना में अधिक रहती है. ● प्रसव के तुरन्त बाद स्तनपान कराने से गर्भाशय अपने आप संकुचित होने लगता है और माँ के शरीर का आकार जल्दी सामान्य होने में मदद मिलती है. **स्तनपान की व्यवस्था** - स्तनपान को बढ़ावा और सहारा देने के लिए माँ की स्तनपान कराने की कुदरती इच्छा को जब भी व्यवहारिक सलाह की जरूरत हो, उसे प्रोत्साहित करना चाहिए और निश्चित कर देना चाहिए कि उसके साथ रिश्तेदारों को भी सहमति है. ● स्तनपान जब ज्यादा सफल होता है जब शिशु बार-बार स्तनपान करे और स्तनपान कराने की इच्छा रखने वाली माँ को अपनी योग्यता में पूरा आत्मविश्वास हो. ● प्रसव के पहले ही डॉक्टर को बता दें कि आप अपने शिशु को स्तनपान कराना चाहती हैं. ● प्रसव के तुरन्त बाद अपने शिशु को स्तनपान कराएं. ● डॉक्टर चाहते हैं कि प्रसव के तुरन्त बाद आप और आपका शिशु एक-साथ रहें (इसे "रूमिंग-इन" कहा जाता है) ● बच्चा जब चाहे उसे अपना दूध पीने दें, बच्चा रोए तो उसे स्तनपान कराएं. ● गर्भावस्था के दौरान अपने स्तनों और निप्पल की सही देखभाल के लिए अपने डॉक्टर से सलाह लें. रोजाना नहाते समय स्तनों को साफ पानी से धोएं. स्तनपान कराने के बाद स्तनों को साफ कपड़े से पोंछ लें या ढकने से पहले अपने आप सूखने दें. ● हमेशा अपना शरीर और कपड़े तथा अपने शिशु का शरीर और कपड़े साफ-सुथरे रखें. **चेतावनी** - बिना उबला पानी, बिना उबाली बोतलें या तैयार किया गया गलत आहार आपके बच्चे को बीमार बना सकता है. आहार का गलत तरीके से भंडारण, रखरखाव, तैयार करना और खिलाना आपके बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. एक समय पर एक आहार ही तैयार करें. तुरन्त खिलाएं और निर्देशों का सही से पालन करें. बचे हुए आहार को बोतल में न रखें बल्कि उसे फेंक दें. बच्चे को हमेशा गोद में लेकर आहार पिलाएं. बच्चे को अकेला छोड़ देने या मुँह में बोतल लगी छोड़ देने पर उसको सांस लेने में रूकावट आ सकती है. शिशु दुग्ध विकल्प के उपयोग की आवश्यकता तथा प्रयोग की विधि की जानकारी स्वास्थ्यकर्ता से ही लें. शिशु दुग्ध विकल्प ही शिशु के पोषण का एकमात्र आधार नहीं है. **सावधानी** -शिशु आहार को सावधानी और स्वच्छता से तैयार करना स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है. निर्दिष्ट चम्मचों से कम का प्रयोग न करें. क्योंकि हल्के पोषण से आपके शिशु के लिए अपेक्षित पर्याप्त पोषक-तत्व उपलब्ध नहीं होंगे. सलाह दी जाती है कि शिशु को धीरे-धीरे अन्नयुक्त आहार के साथ-साथ सब्जियाँ, फल, दालें आदि खिलाना शुरू करें. जैसे कि प्रत्येक शिशु की आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं, इसलिए अपने डॉक्टर की सलाह लें. सुनिश्चित कर लें कि कार्टन पैक के साथ दिया गया चम्मच इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह धोया और सुखाया गया हो. आहार पाउडर का इस्तेमाल खोलने के तीन सप्ताह के भीतर या समय समाप्ति की तिथि से पहले हो कर लें. यदि माँ के दूध के अतिरिक्त फॉर्मूला आहार दिया जा रहा है तो प्रतिदिन फार्मूला आहार की कुल संख्या आहार तालिका में दी गई संख्या से कम होगी. डॉक्टर की सलाह का पालन करें.

**- Nestle Nutrition.**







## क्या आप जानते हैं? तिब्बत पर कब्ज़ा जमाकर चीन भारत को किस तरह बर्बाद करने में जुटा हुआ है?

1949-50 में तिब्बत पर चीन के हमले और 1951 में पूरे कब्जे से पहले तिब्बत पूरी तरह एक स्वतंत्र देश था और भारत और चीन के बीच सुरक्षा क्षेत्र जैसा था. इससे पहले इतिहास में कभी भी, किसी भी स्थान पर भारत और चीन की सीमा साझी नहीं थी. ● तिब्बत पर कब्जा जमाने के बाद चीन ने तिब्बत को अपनी छावनी की तरह इस्तेमाल किया और 1962 में भारत पर हमला करके भारत की हजारों वर्गमील भूमि को हड़प लिया. ● आज भारत सरकार को हिमालय की सीमा पर चीनी सेना से भारत की रक्षा के लिए और शांति बनाए रखने के लिए पांच साल में जितना पैसा खर्च करना पड़ता है उतने पैसे में भारत के ऐसे हर उस नागरिक को पीने का साफ पानी, अच्छा अस्पताल और अच्छी शिक्षा हमेशाा के लिए उपलब्ध करायी जा सकती है जिन्हें यह सब आज तक नसीब नहीं हुआ. ● आज चीन ने तिब्बत में भारत के खिलाफ परमाणु प्रक्षेणस्त्र तैनात किए हुए हैं. ● तिब्बत के कई इलाकों को चीन अपने परमाणु कचरे के कूड़ेदान की तरह इस्तेमाल करके भारत की पवित्र नदियों को प्रदूषित कर रहा है. ● चीन सरकार भारत में आतंकवाद को बढ़ाने के लिए तिब्बत के रास्ते आतंकवादियों को हथियार और प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है. ● तिब्बत पर चीन के कब्जे से चीन और पाकिस्तान की सीमाएं मिल गई हैं. इससे दोनों देशों को भारत के खिलाफ सीधे सैनिक गठजोड़ की सुविधा मिल गई है. चीन ने पाकिस्तान को भारत के विरूद्ध उपयोग के लिए परमाणु बम और मिसाइल टैक्नोलॉजी उपलब्ध करायाी है. 8. चीन सरकार तिब्बत के जगलों से 70 अरब डालर यानी 280 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा की लकड़ी काटकर विदेशी और देशी बाजारों में बेच चुकी हे. इस कारण तिब्बती नदियां भारत, नेपाल और बंगलादेश में हर साल की बाढ़ से भीषण तबाही मचा रही हैं. ● तिब्बत में चीन के नए रेलमार्ग के आने से अब चीन भारत की सीमा तक बड़े से बड़े हथियार और भारी संख्या से सैनिक किसी भी तैनात करने में सक्षम हो गया है. इससे भारत की पूरी उत्तरी सीमा के लिए एक और गंभीर खतरा पैदा हो गया है. ● चीन सरकार तिब्बत के रास्ते भारत में लागत से भी कम दाम पर सस्ते उपभोक्ता माल की तस्करी करके भारतीय उद्योगों, भारतीय व्यापारियों और भारतीय अर्थव्यवस्था को बरबाद करने के षडयंत्र में जुटी हुई है.

**- जमयांग दोरजी, विजय क्रान्ति**
**E-mail : bharatibhat@yahoo.com**




## चेहरे से दाग-धब्बे के नुस्खे

**ब्लैक हैड्स:-** यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो आपके चेहरे पर कहीं भी ब्लैक हैड्स उभर सकते हैं. बेहतर होगा कि आप इन्हें किसी सौन्दर्य विशेषज्ञा से दूर कराएँ क्योंकि आपके लिए इन्हें स्वयं दूर करना मुश्किल होगा. छिद्र फैल भी सकते हैं. यदि एक बार चेहरे पर से ब्लैक हैड्स दूर हो जाएँ तो सप्ताह में दो-तीन बार फेस मास्क अवश्य लगाएँ ताकि फिर चेहरे पर ब्लैक हैड्स न होने पाएँ. इस बीच तेल रहित फांउडेशन हमेशा उंगलियों के पोरों को गोल-गोल घुमाते हुए लगाएँ. **दाग-धब्बे:-** अक्सर लागों के चेहरे पर मुंहासों जैसे छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं. दाना निकलते ही हम उसे दबाकर कील निकालने की कोशिश करते हैं. पर इन्हें दबाने और कील निकालने में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है. बेहतर तो यही होगा कि दल फुंसियों पर आप कोई भी एंटीसंप्टिक लोशन या क्रीम लगाएँ और फिर फाउंडेशन लगाएँ. इसके अतिरिक्त रात में लोशन लगाकर सोएँ. **झुरियाँ:-** आँखों के इर्द-गिर्द लकीरों का उभरना चिंताजनक होता है. क्योंकि ऐसा उम्र के बढ़ने के साथ होता हैं. आँखों के इर्द-गिर्द की त्वचा बहुत ही महीन और पतली होती है. इस पर बहुत ही कम तेल ग्रंथियाँ होती हैं. इसलिए अक्सर यहाँ की त्वचा का अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है. इस जगह आईक्रीम लगाना चाहिए. आँखों के इर्द-गिर्द बहुत ही हल्का फाउंडेशन या कम से कम पाउडर लगाना चाहिए क्योंकि कोई भी प्रसाधन गाढ़ा लगाने से उस पर लोगों की नजर पड़ती है और कमियाँ साफ नजर आती है. **फूली हुई आँखें:-** यदि आपकी आँखें नींद पूरी न होने के कारण फूली हुई हैं या थकावट से सूज गई हैं तो थोड़ी देर लेट जाइए और बादाम के तेल या गुलाब जल में एक रूई का फाहा भिगोकर अपनी आँखों पर 10 मिनट रखिए. इससे आराम मिलेगा. इसके अलावा खीरे के पतले स्लाइमस, आलू के स्लाइस या साधारण टी-बैग आँखों पर रखकर थोड़ी देर लेटी रहें. इससे भी आँखों को आराम मिलेगा. **होठों का फटना:-** सर्दियों के दिनों में अक्सर होंठ फटने लगते है. फटे हुए होठों पर ऑलिव ऑयल या मलाई लगाएँ. ये होठों को पोषण भी दें और उन्हें चिकना भी बनाएँगें. इसके अतिरिक्त विटामिन ई के तत्त्व भी जल्दी उपचार करने में सहायक होते हैं.

## गहरी नींद अच्छे स्वास्थ्य का भण्डार

अगर आप काफी रात तक जागते रहते हैं या हल्की नींद आती है बार-बार नींद खुल जाती है और यह कई महीनों से हो रहा है, तो आपको इन्सोम्निया की समस्या हो सकती है. आमतौर किसी व्यक्ति को यदि सोने से परेशानी आती है, तो इसे इन्सेम्निया के तौर पर लिया जाता है. कभी-कभी यह किसी अन्य बीमारी के लक्षण के तौर पर भी प्रकट होता है इस समस्या का सबसे बुरा पहूल यह है कि इन्सोम्निया से ग्रस्त व्यक्ति में कई अन्य समस्यायें भी उत्पन्न होने लगती है. उसका काम करना प्रभावित होता है और व्यवहार भी. **कारण:** अनिद्रा का मुख्य कारण तनाव माना जाता है लेकिन इसके और दूसरे कारणों में आसपास का तापमान, वातावरण, शोरगुल, तेज रोशनी, असुविधाजनक बिस्तर, सोने वाले कमरे की स्थिति और माहौल का भी काफी असर होता है. कैफीन या टैनीन, एल्कोहल जैसे पदार्थ भी यदि अधिक सेवन किये जायें, तो भी नींद प्रभावित होती है. ऐसे शारीरिक रोंग, जिनके कारण शरीर में दर्द होता है, वह भी अनिद्रा के कारण बनते है, कई ऐसी दवाईयाँ होती है, जिनके साइड इफैक्ट के तौर पर गहरी नींद नहीं आती है या नींद आती भी है, तो बार-बार खुलती रहती है, नींद न आने की बड़ी वजह मनोवैज्ञानिक कारण भी होता है. चिन्ता, सीजोफ्रेनिया, भय पैदा करने वाले मनोरोग भी नींद न आने का कारण है. **उपचार और सावधानियाँ:** अनिद्रा के उपचार में सबसे पहले यह देखा जाता है कि आखिर सम्बन्धित व्यक्ति को नींद क्यों नहीं आ रही है. निद्रा को व्यवस्थित करने के लिये रोगी की दिनचर्या का अध्ययन कर उपयोगी सुझावों को उसकी जीवनचर्या में शामिल किया जाता है. इसके इलाज को दो चरणों में पूरा किया जाता है. दवाईयों द्वारा उपचार व मनोवैज्ञानिक उपचार. 1. सोने और जागने का समय निश्चित करना चाहिये. रात में हल्का भोजन करें, लेकिन जहाँ तक सम्भव हो रात नौ बजे के बाद भोजन न लें. 2. नींद के लिये वातावरण में सुधार करें. जैसे कमरे को रोशनी और शोर गुल से मुक्त रखें. मौसम के हिसाब से सोने के कमरे का तापमान नियन्त्रित रखें. अपने बिस्तर को आरामदायक बनायें. 3. पेय पदार्थ जैसे कॉफी चाय कोल्ड ड्रिंक्स आदि का सेवन शाम के बाद न करें. नींद लाने में यह तनाव का कारण बनता है. 4. नियमित रूप से व्यायाम की आदत डालें. जैसे आधे घंटे से एक घंटे तक टहलें. व्यायाम करने से अच्छी नींद आती है.

## कान सम्बन्धी रोगों के आयुर्वेदिक उपचार

कान हमारे शरीर के बहुत ही संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण अंग हैं. अगर इनका सही ख्याल नहीं रखा गया तो अनेक समस्याएँ खड़ी हो सकती हैं. कई लोग सर्दी की बिमारी की वजह से कान रोग के शिकार होते हैं और अगर सर्दी का इलाज जल्द नहीं किया गया तो सुनने की शक्ति पर असर पड़ सकता हैं. ● **रोगों के लक्षण** - एक घंटे से ज्यादा कान में दर्द होना, कान से तरल पदार्थ का रत्राव होना. कान दर्द के साथ बुखार, सर दर्द आदि कान संबंधी रोगों के लक्षण होते हैं. ● **आयुर्वेदिक उपचार - बेल** - कान के रोग के उपचार के लिए बेल के पेड़ की जड़ को नीम के तेल में डुबोकर उसे जला दें. जलने पर रिसने वाला तेल कान में डालें. इससे कान दर्द और संक्रमण में काफी हद तक राहत मिलती है. **नीम** - नीम में एंटी- सेप्टिक गुण होते हैं, जो कान में विकार पैदा करने वाले तत्वों को खत्म करने के काबिल होते हैं. **तुलसी** - तुलसी का रस गुनगुना करके कान में डालने से भी कान के रोगों में काफी सहायता मिलती है. **नींबू** - अदरक के रस में नींबू का रस मिलाएं और इसकी चार-पांच बूँद कान में डालें. आधें घंटे बाद रूई से कान को साफ कर दें. फिर सरसों का तेल गुनगुना करके कान में डालने से आराम मिलेगा. ● मैथी को गाय के दूध में मिलाकर उसकी कुछ बूँद संक्रमित कान में डालने से भी काफी राहत मिलती है. ● तिल के तेल में तली हुई लौंग की कुछ बूँदे कान दर्द में काफी आराम पहुँचाती हैं. ● **कान के संक्रमण के दौरान खान-पान** - कान के रोगों को ऐसे खान-पान से सेवन से बचाना चाहिए, जो रोगों को जन्म देने वाले कफ के दोष को उग्र रूप दे सकते हैं. जैसे खट्टी दही और खट्टे फलों के सेवन से भी कफ का दोष बढ़ सकता है. ● केले, तरबूज, संतरे और पपीते के सेवन से बचाना चाहिए, क्योंकि इससे सर्दी बढ़ सकती है, जो आगे जाकर कान की समस्याओं को बढ़ावा दे सकती है. ● कान की समस्याओं के दौरान प्याज, अदरक और लहसून का प्रयोग लाभकारी सिद्ध होता है. हल्दी भी अत्यधिक गुणकारी है, अत: इसे खान-पान में मसाले की तरह प्रयोग करना चाहिए. ● कानों में गन्दा पानी न समाने पाए, इस बात का पूरा जाना चाहिए. यदि घरेलू या आयुर्वेदिक उपचार से लाभ नहीं पहुँच रहा हो, तो किसी कान रोग विशेषज्ञ से अवश्य संपर्क करें **मो०- 09416054195**

3 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100120081, IFSC Code - PUNB0182400 जो कि मैडीकल दर्पण के नाम से है, में रू० 250/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 09410434811 पर SMS कर दें।




धर्म अपना, पराया नहीं देखता










## नये उत्पाद

● देश की अग्रणी दवा निर्माता कम्पनी **Gujarat Terce Laboratories Ltd. Ph.:- 079-48933701** ने Cardio vascular diseases due to Hyperlomocysteinemia में उपयोगी दवा Vitfol plus Tab (L. methylfolate 1mg + Pyridoxal 5-phosphate 0.5 mg+cyamocobalamin 1.5 mcg+chlecalciferol 6001.w) Tab निम्न विशेषताआ. – Mouth dissolving Tablet, Natural form of vit. B12, Delicious orange flavor के साथ दवा बाजार में प्रस्तुत की है.

● देश की जानी मानी दवा कम्पनी **Aristo Pharmaceuticals Pvt. Ltd. Ph.:- 0522-2439869** ने डायरिया में उपयोगी दवा PROGG Sachet MRP Rs.- 135 में दवा व्यापार में प्रस्तुत किये हैं.

● देश की अग्रणी दवा निर्माता **INDOCO Remedies LTD Ph.:- 022-26541851-55** ने Haemorrhoids&Anorectal disorder में उपयोगी दवा Spear(Policresulen 50mg+Cinchocaine Hydrochloride10mg) ointment निम्न विशेषताओं 1. Cauterizing action 2. Haemostatic action 3. Antiseptic action 4. Anaesthetic Action के साथ MRP. Rs. 199/30 gm में दवा बाजार में प्रस्तुत किया है.

## दुनिया में No. 1 है

Troikaa कम्पनी की डिवीजन **Spektra Ph.:- 079-26856242, 26856243** ने जानकारी दी है कि उनकी उत्पाद Nasco B12 Nasal Spray अन्य समकक्ष उत्पादों से ज्यादा प्रभावी व सस्ता है. कम्पनी अनुसार यह Methylcobalamin Tab. के मुकाबले ज्यादा असर कारक है. कम्पनी के इस उत्पाद को European patent No.2632430 है.

## कोरोना वायरस का खतरा अब भारत में

कोरोना वायरस एक प्राणघातक वायरस है. यह वायरस चीन में तेजी से फैलता जा रहा है. चीन के जगह जगह हिस्सों में इस वायरस के संक्रमण से रोगी पाए गए हैं. अब इसका खतरा भारत में मंडरा रहा है. भारत के विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए लोगों को कुछ सावधानियां बरतने को कहा है. इस वायरस के संक्रमण से बचा जा सकता है. किसी भी प्रकार का पेय पदार्थ जैसे कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम और कुल्फी खाने से बचें. किसी भी प्रकार का बंद डिब्बा भोजन, पुराना बर्फ का गोला, सीलबंद दूध न प्रयोग किया जाए. इन सभी चीजों का इस्तेमाल लगभग 90 दिनों तक ना करें और इस वायरस से बचने के लिए अपने हाथों को साबुन या गर्म पानी से धोएं. खासते, छींकते वक्त नाक और मुंह को किसी टिशू पेपर या रुमाल से ढके. – **अमानत हुसैन, मो॰ 9897200666**




www.medicaldarpan.com




नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक – ब्रजेश कुमार गर्ग